हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

16 प्रत्याशी घोषणा में बीजेपी-कांग्रेस से आगे आप, जारी...


16 समता कालोनी नाला मामले में नागरिकों ने कलेक्टर,...


## खबर संक्षेप

### गौकशी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में घर से गोमांस जब्ती करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।



पुलिस ने गोकशी मामले में मेहंदी रजा को गिरफ्तार किया है। इस मा1मले में पुलिस मेहंदी रजा सहित अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

### देशी पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने एक बदमाश को आपराधिक घटना को अंजाम देने के पूर्व देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश को सोशल मीडिया पर मिली शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश हांडीपारा निवासी अरूण यादव है। पुलिस के अनुसार, अरूण आपराधिक घटना को अंजाम देने की नीयत से अपने पास पिस्टल रखा था।

मारे गए नक्सलियों में छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश के साथ ओडिशा के नक्सली शामिल

# मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों पर था तीन करोड़ का इनाम

**दूसरे दिन भी पोस्टमार्टम जारी रहा, अब तक 10 नक्सलियों का पीएम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गरियाबंद में पुलिस द्वारा चलाए गए नक्सली उन्मूलन ऑपरेशन में मारे गए 16 नक्सलियों का रायपुर स्थित आंबेडकर अस्पताल स्थित मरचुरी में पोस्टमार्टम जारी रहा। गुरुवार तक 10 नक्सलियों का पोस्टमार्टम हो पाया है। इनमें मारे गए आंध्रप्रदेश, चितूर के नक्सली चलपति के शव को मृतक के परिजन अपने साथ ले गए हैं। सर्च के दौरान मिले दो नक्सलियों के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए रायपुर लाया गया है।

पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक मुठभेड़ में जो 16 नक्सली मारे गए हैं, उनमें 12 की शिनाख्ती कर ली गई है। जिनकी शिनाख्ती की गई है, वे सभी आंध्रप्रदेश, ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के नक्सली हैं। मारे ▶▶|शेष पेज 15 पर



### चलपति का शव लेने पहुंचा ससुर

एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली चलपति का शव लेने उसका ससुर लक्ष्मण राव गुरुवार देर शाम आंबेडकर अस्पताल मरचुरी पहुंचा। दामाद का शव लेने पहुंचे लक्ष्मण राव ने बताया कि उसे अखबारों के माध्यम से अपने दामाद के पुलिस इनकाउंटर में मारे जाने की जानकारी मिली। लक्ष्मण राव ने बताया कि उसने अपने दामाद को नक्सलवाद के रास्ते नहीं जाने कई बार समझाया, लेकिन उसने उसकी बात नहीं मानी। लक्ष्मण ने बताया कि उसकी बेटी भी चलपति के साथ काम करती है।

### मारे गए नक्सलियों का बायोडाटा

- नाम- चलपति उर्फ जयराम उर्फ रामचन्द्रन उर्फ प्रताप रेड्डी उर्फ अप्पा राव उर्फ रवि, ओडिसा राज्य कमेटी सदस्य, एके 47, निवासी- ग्राम- पाईपली, थाना बंगारम पटेम, जिला चितूर (आंध्रप्रदेश), इनाम - छत्तीसगढ़ 40 लाख ओडिशा, आंध्रप्रदेश 25-25 लाख
- नाम- जयराम उर्फ गुड्डू, ओडिसा राज्य कमेटी सदस्य धमतरी-गरियाबंद- नुआपाडा, डिवीजन सचिव एसजेडसीएम, निवासी- ग्राम मोरपल्ली पटेलपारा थाना चिंतलनार, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ 25 लाख ओडिशा, आंध्रप्रदेश 20-20 लाख
- नाम- सत्यम गावड़े उर्फ सुरेन्दर उर्फ उडेल गावड़े, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाडा डिवीजन चीफ, एसजेडसीएम एके 47, निवासी- निवासी कतरूकुरूषबोड़ी (उपरपारा), कांकेर (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ 25 लाख ओडिशा, आंध्रप्रदेश 20-20 लाख
- नाम- आलोक उर्फ मुन्ना डीवीसीएम, केकेडी (ओडिशा), निवासी- कुलाश्री थाना नियाली, जिला कट्टक (ओडिशा), इनाम - छत्तीसगढ़ 8 लाख ओडिशा, आंध्रप्रदेश 5-5 लाख

▶▶|शेष पेज 15 पर

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
संपूर्ण भारत में 45 से अधिक केन्द्र
SINCE 1926
स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा
सेनेटरी इंस्पेक्टर डिप्लोमा कोर्स
(न्यूनतम योग्यता -12वीं पास) एक वर्षीय कोर्स
छत्तीसगढ़ में एकमात्र केन्द्र
रेगुलर बैच: प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार)
हॉलीडे बैच: प्रत्येक रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश
रोजगार के अवसर
नगर निगम / पालिका / पंचायत, रेल्वे, AIIMS, कंटोन्मेंट बोर्ड (रक्षा विभाग), पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज, होटल एवं हॉस्पिटलिटी उद्योग, जलापूर्ति एवं विसंक्रमण एजेंसी, चीनी मिल, स्वच्छ भारत अभियान पर केन्द्रित संगठन एवं अन्य विभाग।
ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रवेश की सुविधा
स्वच्छता योद्धा बने प्रवेश हेतु संपर्क करें- 7987637627, 9977337777, 0771-4915511
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
प्रथम तल, आदर्श टावर, लिबास टेलर के बाजू, तात्यापारा चौक के पास, रायपुर, (छ.ग.) 492001, Website: www.aiilsg.org

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## सरोना ओवरहेड टैंक की शील्ट सफाई आज शाम के समय जल आपूर्ति आंशिक प्रभावित

**रायपुर।** नगर निगम के जलकार्य विभाग की ओर से 24 जनवरी को सरोना ओवरहेड टैंक की शील्ट सफाई कराई जायेगी। सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति देने के बाद शील्ट सफाई के साथ केमिकल ट्रीटमेंट किया जायेगा। इसके कारण शाम के समय जल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। नगर निगम जोन 8 स्थित सरोना ओवरहेड टैंक में शील्ट सफाई का कार्य जल विभाग द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से 24 जनवरी को कराया जायेगा। सफाई का कार्य सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। इसके चलते शुक्रवार की शाम सरोना ओवरहेड टैंक से शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी, जबकि शहर की अन्य पानी टंकियों में जल प्रदाय व्यवस्था यथावत रहेगी।

**■ सुबह होगी नियमित जल आपूर्ति**



## खबर संक्षेप



### राम और श्याम की नगरी रही है आरंग : मिश्रा

**आरंग।** आरंग के श्याम बाजार में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। वही गुरुवार को कथावाचक ईश्वर प्रसाद मिश्रा ने राजा परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा कथा का वर्णन किया। साथ ही पौराणिक नगरी आरंग की महिमा बताते हुए कहा यह नगर प्राचीन काल से ही दानशीलता के लिए सुविख्यात है। मान्यता अनुसार त्रेता में भगवान श्रीराम और द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण का यहां आगमन हुआ था। यह एक ऐसा पावन नगरी है जहां दोनो युगों में भगवान का आगमन हुआ। उन्होंने राजा मोरध्वज की मार्मिक कथा सुनाते हुए कहा द्वापर युग में महादानी राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने स्वयं भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन इस नगर में पधारे थे। परीक्षा में राजा मोरध्वज और रानी पद्मावती द्वारा अपने पुत्र ताम्रध्वज को आरा से चिरकर भगवान श्रीकृष्ण को भेंट करने की मार्मिक कथा सुनकर महिलाएं भाव-विभोर हो गई। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पश्चात नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व देवांगन परिवार के लोग शामिल हुए।

### शिविर में 32 लोगों ने किया ब्लड डोनेट



**रायपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा में रेडक्रॉस ब्लड बैंक रायपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 32 लोगों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम पर डॉ. शारदा प्रसाद साहू प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोरपा के द्वारा रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. उमेश विश्वास चिकित्सा अधिकारी सीएचसी अभनपुर, अशवानी पांडे बीपीएम सीएचसी अभनपुर, डीएस नेताम पीएचसी खोरपा, श्रीराम यादव, अनिता विश्वास, गौतम विश्वकर्मा, देवानंद साहू सीएचसी, रोशन साहू, इतेश वर्मा, संतोष सेन, अनूप साहू, रामेश्वर पटेल, रेखा ध्रुव, प्रीति गहिरवारे, ललिता देवांगन, हेमलता देवांगन, घनेश्वरी साहू, प्रज्ञाशीला, देवेंद्र दुबे, रेडक्रॉस नारायण पटेल, ठाकुर राम साहू, दीपक साहू, घनश्याम प्रसाद साहू, जितेंद्र देवांगन, विद्यादिन कोरी उपस्थित रहे।

### निधन

#### चोखेलाल अग्रवाल



**आरंग।** आरंग निवासी 75 वर्षीय चोखेलाल अग्रवाल का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे रामकृष्ण, रामलखन के छोटे भाई व उमेश, मीना, सीमा के पिता थे।

---

नगरीय निकाय चुनाव : माया वर्मा ने वार्ड 12 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया

# नामांकन प्रारंभ, तहसील, एसडीएम कार्यालय में तैयारी पूरी, दूसरे दिन भी रहा गहमा-गहमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा




11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए 22 जनवरी से नामांकन दाखिल प्रारंभ हो गया है। नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख 28 जनवरी है। गुरुवार को माया वर्मा नवीन अग्रवाल ने वार्ड 12 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। वार्ड 16 से कांग्रेस के ही दुर्गेश नशीने, वार्ड 19 से दिलीप देवांगन ने नामांकन दाखिल किया। वहीं पिछले चुनाव में वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा की उमा देवी यदु ने कांग्रेस की कौशल्या पाल को पराजित की थी, यहां जोगी कांग्रेस सहित 1 अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी थी जिसमें जोगी कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाया।

वार्ड 2 से कांग्रेस के जितेंद्र ध्रुव ने भाजपा के विनोद कुमार नेताम को सीधे मुकाबले में हराया था। वार्ड 3 से भाजपा के रवि सेन ने कांग्रेस प्रत्याशी नंदलाल लालवानी को पराजित किया था , वार्ड 4 से कांग्रेस प्रत्याशी लेमिक्छा गुरु डहरिया ने भाजपा की महेश्वरी पाटिल को मात्र 1 वोट से पराजित की थी। इस वार्ड में भी जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को एक भी वोट नहीं मिला था।वार्ड 5 से भाजपा की चंद्रकला वर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका वर्मा को पराजित की थी। वार्ड 6 से भाजपा के मनोज निषाद ने जीत दर्ज की थी कांग्रेस प्रत्याशी राम भरोसा निषाद को यहां मात्र 96 मत प्राप्त हुए थे। और इस वार्ड में 3 निर्दलीय प्रत्याशीयों ने 108, 158 और 130 मत प्राप्त किए थे।

### वार्ड 1 से 22 तक पिछले चुनाव में इसने मारी थी बाजी

*वार्ड 7 से भाजपा के सतीश निषाद ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रिया सोनी को पराजित किया था। वार्ड 8 से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा अनिल शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी निशा सक्सेना को पराजित किया। वार्ड 9 से भाजपा के राजकुमार गेंद्रे ने कांग्रेस प्रत्याशी पवन बघेल को हराया था। वार्ड 10 से भाजपा के पोषण वर्मा ने जीत दर्ज की थी यहां कांग्रेस प्रत्याशी आशा साहू को 110 मत मिले थे वहीं जोगी कांग्रेस सहित 3 निर्दलीयों को 104, 142, 144 मत प्राप्त हुए थे। वार्ड 11 से जोगी कांग्रेस के संजय राठी ने कांग्रेस के दिनेश साहू को पराजित किया था। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू को मात्र 32 वोट मिले थे। वार्ड 12 से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप कुमार अग्रवाल ने भाजपा के दिनेश कुमार अग्रवाल को पराजित किए थे।*

### कल के नतीजों पर कयास

वार्ड 13 से भाजपा के विकास सुखवानी ने कांग्रेस के भीमसेन भोजवानी को पराजित किया था। वार्ड 14 से भाजपा के लुक राम बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशी राकेश जोशी को हराया था। वार्ड 14 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती लता बैरागी विजय मारखंडे ने भाजपा प्रत्याशी जानकी बाई निषाद को हराया था। वार्ड 16 से भाजपा के विकास कोटवानी ने जीत दर्ज की थी इस वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र केशरवानी को 324 एवं कांग्रेस प्रत्याशी मनोहर गेहानी को 195 मत मिले थे। वार्ड 17 से भाजपा प्रत्याशी दुर्गा पटेल ने कांग्रेस प्रत्याशी आशा यादव को पराजित की थी। वार्ड 18 से जोगी कांग्रेस के सनत सेन ने जीत दर्ज किया था। यहां कांग्रेस, भाजपा पीछे थी। वार्ड 19 से कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण वर्मा ने भाजपा के सुरेश वर्मा को पराजित किया था। वार्ड 20 से भाजपा प्रत्याशी सुधा चौबे विजई हुई थी इस वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी को महज 92 मत मिले थे , जोगी कांग्रेस को 201 मत मिले थे। वार्ड 21 में कांग्रेस समर्थित निर्दलीय नरोत्तम यदु ने जीत दर्ज किया था यहां कांग्रेस प्रत्याशी अजय खटीक को मात्र 74 वोट मिले थे। वहीं भाजपा की रानी जैन को 139, निर्दलीय अनूप रवानी को 116, जगतू मांडले को 20 मत, जोगी कांग्रेस के फूल बाई देवांगन को 19 व एक निर्दलीय अशोक कुमार वर्मा को एक भी मत नहीं मिला था। इसी तरह से वार्ड 22 से कांग्रेस प्रत्याशी देवा दास टंडन ने भाजपा के प्रेम लाल कोसले को पराजित किया था। यहां जोगी कांग्रेस प्रत्याशी को मात्र 2 मत मिले थे।

---

## ईसीसीई दिवस के आयोजन में 25 हजार पालकों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



रायपुर जिले के सभी 1931 आंगनबाड़ी केंद्रों में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर छत्तीसगढ़ और सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ईसीसीई दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 2500 से ज्यादा पालको की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। कार्यक्रम पालकों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बच्चों को घर पर गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि इस माह ईसीसीई दिवस के आयोजन के तहत प्रमुख विषय "सामाजिक और भावनात्मक विकास" का महत्व रहा। इस अवसर पर पालकों को बच्चों के विकास में सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं की भूमिका के बारे में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। पालकों और बच्चों ने एक दूसरे के बारे में सकारात्मक बातें साझा की, एक दूसरे के साथ मिलकर चित्र बनाए और आंगनवाड़ी सुविधादाता ने पालकों के साथ घर में की जाने वाली गतिविधियां साझा की। रायपुर जिले के सभी केंद्रों में प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को विभिन्न थीम के आधार पर ईसीसीई दिवस का निरंतर आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर के मार्गदर्शन मे सफल हुआ। जिसमे परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पालकगण तथा गढ़बो बचपन प्रोजेक्ट, एडुवीव फाउंडेशन के टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सड़कों पर गड्ढे हादसों को दे रहे निमंत्रण



आरंग। आरंग से राजिम रोड में सड़कों पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे हैं। आए दिन यहां लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं। दरअसल इस मार्ग पर भारत माला रोड निर्माण के चलते प्रतिदिन सैकड़ों बड़ी बड़ी ट्रके दौड़ रहे हैं। जिससे सड़कें जर्जर हो रही है। सूत्रें से मिली जानकारी अनुसार एक माह पूर्व ही इन गड्ढों का मरम्मत कराया गया था। लेकिन वर्तमान में फिर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। जिससे राहगीरो को हमेशा खतरा का सामना करते हुए आना जाना पड़ रहा है।

---

## 8 वार्डों में 1-1 नाम, बाकी में नहीं बन पाई सहमति



■ अभनपुर नगर पालिका में कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने की चर्चा

**अभनपुर।** अभनपुर नगर पालिका में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए टिकट के दावेदारों के नामों पर आम सहमति बनाने पार्टी द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक पूर्व विधायक हर्षद मेहता, रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोप्रसाद वर्मा, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू की उपस्थिती में पार्षद एवं अध्यक्ष के आवेदनों पर एक - एक नाम अंतिम रूप देने का प्रयास किया गया। जिसमें से वार्ड नंबर एक, तीन, चार, छः, आठ, बारह, चौदह, पंन्द्रह इन वार्डों में एक एक नाम फाइनल कर लिया गया है। अध्यक्ष सहित बाकी वार्डों के पर सहमति नहीं हो पाई है।

परिवेक्षक हर्षद मेहता ने चर्चा में बताया कि सभी नामों का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को भेजा जायेगा तथा जिला समिति द्वारा प्रदेश समिति को भेजेगी जहां अंतिम निर्णय किया जाएगा।

## कुकरा में शोभायात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू



**आरंग।** ग्राम कुकरा में गुरुवार से प्रारंभ शिव महापुराण कथा के पहले दिन कथा व्यास पंड़ित सूर्यकांत तिवारी ने महात्म्य जलाविधास कथा की शुरुवात करते हुए जल के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए आगे बताया की जलाधिवास एक ऐसा स्थान है जहां जल के देवता रहते हैं। यह स्थान पृथ्वी पर स्थित है, लेकिन यह इतना पवित्र है कि यहां का जल कभी भी दूषित नहीं होता। कथा का विस्तार करते हुए उन्होने आगे बताया कि एक बार, एक ऋषि ने जलाधिवास की यात्र की, जब वह वहां पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि जल के देवता वहां रहते हैं। ऋषि ने जल के देवताओं से पूछा कि वे यहां कैसे रहते हैं और जल को कैसे साफ रखते हैं। जल के देवताओं ने ऋषि को बताया कि वे जल को साफ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। वे जल को शुद्ध करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं, जैसे कि जल को सूर्य की किरणों से शुद्ध करना और जल को पौधों की जड़ों से शुद्ध करना। ऋषि ने जल के देवताओं से जल का महत्व पूछने पर बताया कि जल जीवन के लिए आवश्यक है। जल के बिना, जीवन असंभव है।

## पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यालय से मतदाता सूची नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर




■ नगरीय निकाय चुनाव : जनपद दफ्तर के कर्मचारी मतदाता सूची के संबंध में नहीं दे रहे हैं स्पष्ट जवाब

निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनावों के लिए आचार संहिता लागू कर दी गई है लेकिन स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय से अभनपुर विकास खंड के 93 ग्राम पंचायतो के लिए मात्र 3-3 सेट ही मतदाता सूची अभनपुर निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त हुई है। उक्त मतदाता सूची में से एक- एक सेट क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम पंचायत सचिव को उपलब्ध कराया गया है। क्षेत्र के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत पद के लिए दावेदार तहसील, ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय अभनपुर के चक्कर कांट रहे हैं। आचार संहिता लगे 4 दिन हो गए लेकिन निर्वाचन कार्यालय से आम लोगों के लिए मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है। जनपद दफ्तर के कर्मचारी, तहसील व ग्राम सचिव से संपर्क करने पर मतदाता सूची के संबंध में स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

### जल्द मिलेगा पर्याप्त मात्रा में मतदाता सूची

इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) अभनपुर रामप्रसाद बघेल ने बताया कि मतदाता सूची का 3-3 सेट जिला निर्वाचन शाखा से प्राप्त हुआ था। एक दो दिनों में पर्याप्त मात्रा में मतदाता सूची उपलब्ध हो जायेगी।

---

## अवैध शराब जब्त, दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



आरंग पुलिस ने 2 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस ने ग्राम चपरीद राजा ढ़ाबा के पास आरोपी हितेश कुमार पटेल पिता रमेशर पटेल 29 वर्ष साकिन गैतरा थाना गिधपुरी जिला बलौदाबाजार को मोटर सायकल सीजी 04 पीक्यू 1725 में शराब बिक्री करने हेतु परिवहन करते कुल 55 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब के साथ पकडा है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय भेजा गया है। वहीं गुरुवार को आंरग नेशनल हाईवे पंधी मोड़ के पास आरोपी नरेश साहनी पिता छबीलाल साहनी 55 वर्ष साकिन निसदा थाना आरंग जिला रायपुर को स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमई 2301 में शराब बिक्री करने के लिए परिवहन करते कुल 22 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब के साथ पकड़ा व आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण जमानतीय होने से जमानत मुचलका में रिहा किया गया है।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का राजअधिवेशन 16 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसीवां राज का राजअधिवेशन ग्राम सांकरा (निक्को) में 16 फरवरी को होना तय हुआ है। जिनकी पूर्व तैयारी के लिए राजप्रधान नीलमणी परगनिहा के नेतृत्व में आवश्यक बैठक स्व बेनीराम हनुमन्ता भवन धरसींवा रखा गया था। जिसमें सभा स्थल का निरक्षण कर, मंच, भोजन, सभा स्थल का नाम व वाहन पार्किंग व्यवस्था, अतिथियों के नाम तय किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने अधिवेशन की शुरुवात से लेकर समापन तक के मिनट टू मिनट समय की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए महिला एवं युवाओं की टीम को सक्रिय होने की अपील की है। उप राजप्रधान राजेश वर्मा को व्यवस्था की जिम्मेदारी दी है। क्षेत्रप्रधान नोहर वर्मा के साथ क्षेत्र में आने वाले ग्राम प्रमुख भी युद्ध स्तर पर अधिवेशन को सफल बनाने में जुट गए है। बैठक में कोषमंत्री केवल वर्मा, सचिव जितेंद्र वर्मा, सहसचिव संत वर्मा, महिला अध्यक्ष उषा वर्मा, युवा अध्यक्ष नितिन चंद्रवंशी, महिला कार्यकारणी विजेता वर्मा, भोजा वर्मा, पिंकी परगनिहा, उषा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, अनुपमा वर्मा, लीलेश्वरी वर्मा, स्वर्णलता कश्यप, उषा वर्मा मीना वर्मा पूर्णिमा वर्मा पुष्पा वर्मा युवा कार्यकारणी सदस्यों में चंद्रकांत वर्मा, यमन वर्मा, चिंता वर्मा, नीरज वर्मा, प्रवीण वर्मा, भरत भूषन वर्मा, आशीष वर्मा, संजय वर्मा, मनीष वर्मा, बंटी वर्मा, चेतन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

मढ़ी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

# कथा श्रवण मात्र से भक्तों का होता है कल्याण : श्रद्धा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी



ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व महिलाओं व बालिकाओं ने सिर पर कलश लेकर बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं पीतांबरी साड़ी धारण कर मंगल कलश सिर पर लेकर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थी। इस दौरान महिलाओं ने पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत को अपने सिर पर रखकर गांव भ्रमण किया। इस दौरान तालाब से जल भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची। उसके बाद भागवत की पूजा-अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की। कलश यात्रा के आगे-आगे मुख्य यजमान अपने सिर पर पोथी लेकर चल रहे थे। इस दौरान सर्वप्रथम मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात गली भ्रमण कर अंत में कथा पंडाल में आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद सिमगा की कथावाचिका भागवत मर्मज्ञा पूज्या श्रद्धा दीदी ने व्यास पीठ से श्रोताओं को पहले दिन की कथा का रसपान कराया। कथा व्यास ने वेदी पूजन, गोकर्ण व्याख्यान एवं भागवत की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

### भगवान को पाने के लिए भाव का होना जरूरी

इस दौरान उन्होंने व्यास गद्दी से भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत के श्रवण से भक्त का कल्याण होता है और जीवन में सुख-शांति का अनुभव होता है। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का फल भाग्यशाली को मिलता है। भगवान को पाने के लिए भाव का होना जरूरी है। परमात्मा कण-कण में विद्यमान है। उन्होंने आगे कहा कि, श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर बडे.ही सौभाग्य से प्राप्त होता है। इसलिए मनुष्य को भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, मनुष्य को काम, क्रोध, लोभ, मोह त्याग कर ईश्वर भक्ति करनी चाहिए। तभी मनुष्य जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों के कारण दुख भोगता है, इसलिए लोगों को सत्संग की शरण लेनी चाहिए। उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि, श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव, जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। भगवताचार्य ने भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। इस दौरान उन्होंने भागवत के महत्व, भक्ति के महत्व के बारे में समझाया एवं कथा सुनने की विधि समझाई। अंत में भगवान भागवत भास्कर की सामूहिक आरती उतारी गई। कथा 23 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित है। परायणकर्ता पंडित राहुल तिवारी पंडरिया वाले है।

## श्री भागवत परमात्मा का अक्षर स्वरूप है : कमल कष्ण प्रिया



**आरंग।** ग्राम रानीसागर में श्रीमद भागवत पुराण महायज्ञ कथा के पहले दिन कथा वाचिका कमल कृष्ण प्रिया ने श्रीमद भागवत महात्म्य में भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। उन्होने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है।

बढ़ रही सियासी गर्मी, दूसरे नंबर पर रहे पार्षद प्रत्याशी भी अब भाजपा में

# संत कबीरदास वार्ड में मुसीबतों के दोहे तालाबों में अड्डेबाजी, गार्डन निर्माण अहम

**वार्ड नंबर 3**
**संत कबीरदास वार्ड**

2005 से पहले ग्रामीण क्षेत्र में था गोगांव, 3 बार बीजेपी के कब्जे में रहा यह वार्ड

क्षेत्र- गोगांव, सीतानगर और गोंदवारा
मतदाता- 14 हजार 426




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कई वार्ड में जहां पिछले वर्ष आमने-सामने रहे पार्षद प्रत्याशी ही मैदान पर उतरेंगे, तो वहीं कई जगह दल-बदल के कारण स्थिति बदल गई है। वार्ड क्रमांक- 3 अर्थात संत कबीरदास वार्ड में भी इस बार हालात दूसरे हैं। पिछली बार यहां भाजपा के नारद कौशल ने जीत दर्ज की थी। उनके विरोध में कांग्रेस के मोहित घृतलहरे मैदान पर थे, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वॉइन कर ली। वार्ड क्रमांक-3 से पार्षद प्रत्याशी के रूप में भाजपा के नारद कौशल पुनः टिकट मांगने की तैयारी कर रहे हैं। इस वार्ड के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्र पूर्व में ग्रामीण क्षेत्र में आते थे। 2005 में पहली बार नगर-निगम चुनाव में इसे शामिल किया गया। लगातार दो बार भाजपा के नारद कौशल ने जीत दर्ज की। इसके बाद सीट महिला आरक्षित हो गई। पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे मोहित घृतलहरे की पत्नी ने इसमें जीत दर्ज की थी। इसके बाद हुए चुनाव में पुनः नारद कौशल ने जीत दर्ज की। वहीं भाजपा ज्वॉइन कर चुके पूर्व प्रत्याशी मोहित घृतलहरे वार्ड क्रमांक-2 से टिकट मांगने की तैयारी कर रहे हैं। मोहित घृतलहरे सिर्फ 175 वोट से ही हारे थे।



### तालाब सौंदर्यीकरण और गार्डन अहम मुद्दा

संत कबीरदास वार्ड के स्थानीय निवासी लंबे समय से तालाब सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे हैं। इस क्षेत्र में गोंदवारा तालाब सहित कई छोटे-बड़े तालाब हैं, जो किसी तरह की निगरानी और व्यवस्था नहीं होने के कारण अड्डेबाजी का क्षेत्र बन चुके हैं। बातचीत में स्थानीय निवासियों ने बताया कि तालाबों का सौंदर्यीकरण नहीं होने के कारण यहां मॉर्निंग वॉक या किसी उत्सव-पर्व के दौरान संकट की स्थिति निर्मित होती है। इसके अलावा वार्ड में गार्डन भी नहीं है।

### कई जगहों तक नाली-सड़क ही नहीं

इस वार्ड के अंतर्गत वसंत विहार का निर्माण किया गया है। यहां अब तक रोड



और नाली-सड़क का ही निर्माण नहीं हो पाया है। बातचीत में वार्ड निवासी एक युवा तोमेश गायकवाड़ ने कहा, युवाओं के लिए शिक्षा सर्वोपरी है। यदि यहां कम दूरी पर ही महाविद्यालय की सुविधा मिल जाती तो शहर के बड़े महाविद्यालयों में लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण इंतजार से मुक्ति मिलेगी और आवाजाही में लगने वाले समय में भी बचत होगी।



**आमने-सामने**

### कांग्रेस सरकार ने नहीं की मदद अब करेंगे महाविद्यालय निर्माण

वर्तमान पार्षद का कहना है कि कार्यकाल के शुरुआती वर्षों में कांग्रेस सरकार होने के कारण उन्हें विशेष मदद नहीं मिल सकी। यही वजह है कि वे अधिक विकास कार्य नहीं करा पाए। चुनाव जीतकर आने के बाद अब वे नई बसे क्षेत्रों में नाली-सड़क की व्यवस्था करेंगे। इसके अलावा तालाब सौंदर्यीकरण और महाविद्यालय निर्माण को भी अपनी प्राथमिकता बताई। वार्ड में चुनावी हलचल तो प्रारंभ हो गई है कि लेकिन प्रचार-प्रसार का सिलसिला अब तक यहां शुरू नहीं हो सका है। केवल टिकट को लेकर ही दावेदारी की प्रक्रिया चल रही है।

### किसी भी योजना का लाभ नहीं दिला पाए पार्षद



पूर्व पार्षद प्रत्याशी द्वारा भाजपा ज्वॉइन कर लेने के बाद यहां कांग्रेस पार्टी की ओर से कई दावेदार सामने आ रहे हैं। 2005 से पूर्व इस वार्ड के अंतर्गत आने वाला गोगांव क्षेत्र नगर निगम में शामिल नहीं था। 2005 से पूर्व यहां सरपंच रहे डॉ.एचके डांडे कांग्रेस से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि वर्तमान पार्षद लोगों को शासकीय योजना का लाभ नहीं दिला पाए हैं। लोगों को राशन के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी होने के बाद भी विशेष कार्य नहीं करा सके। सड़क और नाली की समस्याएं यथावत हैं।

3 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी चुने गये पार्षद

# 'दलदल' में धंसी डबरी, तन गए मकान निस्तारी के बचे तालाब भी संवर नहीं पाए

**वार्ड नंबर 7**
**कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**




| | |
|---|---|
| कुल मतदाता की संख्या | 10,547 |
| पुरुष मतदाता | 5,268 |
| महिला मतदाता | 5,279 |
| पिछले चुनाव में मतदाताओं की संख्या : | 25,000 |

इसमें सड्डू बस्ती और सड्डू हाउसिंग बोर्ड के 15 हजार मतदाता घट गये। ये मतदाता महात्मा गांधी वार्ड नंबर 8 में जुड़ गये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दलदल सिवनी गांव के किसानों के लिए वहां की आधा डबरी खेती-किसानी के लिए संबल हुआ करती थी। डबरी के पानी से खेतों में लगी फसल की सिंचाई करते अब डबरी नहीं बची, उसे पाटकर लोगों ने घर बना लिये। गांव में पांच प्राचीन तालाब जरूर सुरक्षित हैं, पर तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की मांग लोग लगातार करते आ रहे हैं। दया नगर, द्वारिका नगर में जलभराव की समस्या दो दशक से लोगों की चिंता का कारण बनी है। इस बीच 4 पार्षद बदल गये पर सीवरेज और जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। यानी नेता बदलते रहे, पर समस्या यथावत रही। अब उम्मीद नए जंगबाजों से रहेगी।





### डबरी पटागे, घर बना डरिन

शिवाजी नगर दलदल सिवनी निवासी 70 वर्षीय दयालुराम



धीवर बताते हैं कि पहले इस गांव गांव आधा दर्जन डबरी होने से पानी की समस्या नहीं थी, गांव के किसान अपने खेत में इसी डबरी के पानी से सिंचाई कर लिया करते थे। जैतखाम के पास हड़हा डबरी, एकता चौक के पास बरान डबरी, रावन डबरी सहित अन्य 2 डबरी से किसानों को काफी राहत मिल जाती थी, पर अब ऐसा नहीं है। पुरानी डबरी को पाटकर वहां घर बना दिये गये। 5 तालाब भी लोगों के निस्तारी के लिए मौजूद हैं, पर इसकी सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। भाटिन डबरी तालाब और हगरिया तालाब में नाली का गंदा पानी छोड़ने से निस्तारी लायक नहीं रहा। शीतला तालाब, बंधवा तालाब और नया तालाब की स्थिति अच्छी है।

### रोड की समस्या, प्रस्ताव बनाकर ले गये काम नहीं हुआ

दयानगर निवासी चरणूप्रसाद सोनवानी ने बताया, सड़क और निकास नाली बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग वाले प्रस्ताव बनाकर ले गये, पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे काफी परेशानी हो रही है।

### दयानगर, द्वारिका विहार में जलभराव समस्या



शिवाजीनगर निवासी शत्रुहन वर्मा कहते हैं, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड बने 20 साल हो गये पर दयानगर और द्वारिका विहार में रहने वाले सैकड़ों परिवार की समस्या दूर नहीं हुई। हर बार बारिश के समय गंदा पानी जहरीले जीव-जंतुओं के साथ गली से होकर घरों में पूरे वेग के साथ घुसता है। रात-रात भर जागकर पानी कम होने का इंतजार करते हैं। जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसी तरह बीच सड़क पर बिजली खंबा लगा दिये हैं, इससे दुर्घटना होने का खतरा है।

### पानी की समस्या, टैंकर भरोसे रहना मजबूरी



स्थानीय रहवासी ललिता दांडेकर का कहना है, मोहल्ले में 50 घरों में गर्मी के समय पानी की भारी किल्लत रहती है। नगर निगम के नल से पानी नहीं आता। टैंकर भरोसे दिन गुजारना पड़ता है। 2 माह तक पानी की विकराल समस्या यहां रहती है। इसी तरह डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए यहां नियमित रूप से कचरा गाड़ी नहीं आती। नाली साफ नहीं हो रही।

# महापौर प्रत्याशियों का फैसला आज करेगी भाजपा चुनाव समिति आएंगे नितिन नवीन, शिवप्रकाश

**सुबह को कोर कमेटी, इसके बाद चुनाव समिति और अंत में संभागीय समिति की बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर निगमों के महापौर प्रत्याशियों पर शुक्रवार को भाजपा चुनाव समिति की बैठक में फैसला होगा। सबसे पहले कोर कमेटी की बैठक होगी। इसके बाद चुनाव समिति और अंत में संभागीय समिति की बैठक होगी। बैठक लेने के लिए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन आ रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय के साथ कोर कमेटी के सदस्य और चुनाव समिति के सदस्य शामिल होंगे। प्रत्याशियों का फैसला होने के बाद शनिवार या इसके बाद प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा।

प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, इसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। नगरीय निकायों के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा। इसके लिए नामांकन 22 जनवरी से भरे जाने हैं। 28 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा ने पहले ही तय कर लिया था कि प्रत्याशियों का चयन 25 जनवरी तक करना है। इसको लेकर पहले से ही तैयारी चल रही है। अब चुनाव के ऐलान के बाद प्रत्याशियों के चयन की कवायद और तेज कर दी गई है। ज्यादातर जिलों में पैनल तैयार करके संभागीय समिति को भेज दिया है। संभागीय समितियां नगर निगमों के महापौर प्रत्याशियों का पैनल लेकर ही शुक्रवार को पहुचेंगी।

### महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय

नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से नाम संभागीय समिति के पास आएंगे। इसके बाद संभागीय समिति से यह नामों का पैनल प्रदेश चुनाव समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद प्रत्याशी का फैसला होगा। इसके बाद प्रदेश संगठन इसका ऐलान करेगा। इसी तरह से नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। यह ऐलान भी 25 जनवरी तक कर दिया जाएगा। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और इसका ऐलान जिला समितियां करेंगी।

# 9 मेयर एवं 92 पार्षद पदों के लिए खरीदा प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

- सुबह 10 बजे से फार्म वितरण काउंटरों पर प्रत्याशियों की लंबी कतारें
- 70 वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव होना है




नगर निगम रायपुर के महापौर और वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म खरीदने के लिए दूसरे दिन भी कलेक्टोरेट में भारी भीड़ रही। सुबह 10 बजे से फार्म वितरण काउंटरों पर प्रत्याशियों की लंबी कतारें लगी रहीं। गुरुवार को मेयर के लिए 9 और पार्षद पद के लिए 92 नामांकन फार्म बिके हैं। एक दिन पहले मेयर के 3 और पार्षद पद के लिए 58 फार्म बिके थे। इस तरह दो दिन में मेयर पद के लिए 12 और पार्षद पद के 150 फार्म बिक चुके हैं।

रायपुर नगर निगम में 70 वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव होना है, वहीं इस बार मेयर पद के लिए भी चुनाव कराया जा रहा है। यही कारण है कि इस बार पार्षद पदों के साथ मेयर पद के लिए भी लोग बढ़-चढ़कर नामांकन फार्म खरीद रहे हैं। नामांकन फार्म की बिक्री और जमा करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी तय है। इस दौरान शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। इस कारण प्रत्याशियों के पास नामांकन फार्म खरीदने और जमा करने के लिए अब सिर्फ तीन दिन और बचे हैं। इसे देखते हुए प्रत्याशियों की भीड़ भी कलेक्टोरेट में देखी जा रही है।

### मेयर के लिए इन प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन

शोभा यादव, प्रीति उपाध्याय, सुशीला धीवर, सरोजबेन सोलंकी, शबिस्ता खान, रूबीना बेगम, नुसरत बेगम, तलतुन्नशीसा एवं बबीता नत्थानी शामिल हैं। इसके अलावा 70 वार्डों में से अलग-अलग वार्ड से कुल 92 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा है।

### दूसरे दिन 3 लाख 65 हजार के बिके फार्म

नामांकन फार्म बिक्री के दूसरे दिन कुल 3 लाख 65 हजार रुपए के नामांकन फार्म बिके हैं। इनमें मेयर पद के लिए 9 फार्म से 90 हजार रुपए और पार्षद पद के 92 फार्म से 2 लाख 75 हजार रुपए की आय प्रशासन को हुई है। पहले दिन कुल 2 लाख 20 हजार रुपए के फार्म बिके थे। इस तरह दो दिन में कुल 5 लाख 85 हजार रुपए के फार्म बिके हैं।

### 29 को स्क्रूटनी, 31 तक नाम वापसी

नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन फार्म जमा करने के बाद 29 जनवरी को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। इसके बाद नाम वापसी के लिए 31 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। मतदान 11 फरवरी को तथा मतगणना 15 फरवरी को होगा। इसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

पीसीसी की बैठक में खुलेंगे लिफाफे, फिर घोषित किया जाएगा नाम

# जिला कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम तय कर लिफाफे में किया बंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियों तेज हो गई हैं। महापौर और वार्ड पार्षद के दावेदारों के नामों को लेकर पर्यवेक्षकों की सूची शार्ट कर एक नाम तय किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे की अध्यक्षता में 15 सदस्यों की कमेटी ने एक-एक वार्ड के नामों पर विचार कर सिंगल नाम तय किए। कांग्रेस की रायपुर जिला की चयन समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा की गई। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे और महापौर ऐजाज ढेबर, पंकज शर्मा, महामंत्री दीपक मिश्रा, सुबोध हरितवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। दावेदारों के नामों को शॉर्टलिस्ट कर कई जगहों पर नए नाम जोड़े गए। दावेदारों के गुण-दोष के आधार पर वार्ड वार नामों पर विचार करने के बाद अधिकतर वार्डों में सिंगल नाम तय कर लिए गए हैं। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां पर एक से अधिक दावेदार होने के कारण पैनल भेजा जा रहा है। देर शाम तक इसकी रिपोर्ट तैयार कर ली गई, जो पीसीसी को सौंपी जाएगी। ब्लॉक, प्रभारियों की बैठक के बाद जिला स्तर पर बैठक हो रही है। पीसीसी ने 23 जनवरी तक नाम मांगे थे। जिला स्तर पर नाम को अंतिम रूप देकर पीसीसी को बंद लिफाफे में सौंपा जाएगा।

**महापौर का चुनाव लड़ने वाले पुरुष दावेदार निराश**

# कांग्रेस में महापौर प्रत्याशी के लिए कई नेता पत्नियों के नाम से कर रहे दावेदारी, भाजपा में ऐसा एक भी दावा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के नगर निगम का महापौर पद आरक्षण में सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद जहां कांग्रेस के पुरुष दावेदारों के मंसूबों पर पानी फिर गया है, वहीं कांग्रेस के ये दावेदार अब अपनी पत्नियों का नाम आगे कर रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के दावेदारों ने साफ शब्दों में अपनी पत्नियों के नाम आगे करने से इनकार कर दिया है। भाजपा में एक भी ऐसा दावा सामने नहीं आया है। यहां पर सिर्फ भाजपा की जो नेत्रियों बरसों से राजनीति में सक्रिय हैं, उनके ही नाम सामने आ रहे हैं।



भाजपा से नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का नाम पहली दावेदार के रूप में लिया जा रहा है, वहीं और कई महिलाएं वर्तमान और पूर्व पार्षद भी दावेदार हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर के लिए निकली लॉटरी में रायपुर से महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। इसके बाद से ही महापौर का चुनाव लड़ने वाले पुरुष दावेदार निराश हो गए हैं, लेकिन कांग्रेस के दावेदार और पूर्व महापौर भी अपनी पत्नियों के नाम आगे कर रहे हैं।

### पत्नियों का नाम किया आगे

कांग्रेस से महापौर के लिए थोक में पुरुष दावेदारों के नाम चल रहे थे, लेकिन अब इनको तगड़ा झटका लगा है। बावजूद इसके ये हार मानने वाले नहीं हैं। सभी दावेदार एक स्वर में अपनी पत्नियों के नाम आगे करने की बात कर रहे हैं। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने अपनी पत्नी दीप्ति प्रमोद दुबे के नाम से दावा किया है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने भी अपनी पत्नी परमजीत कुलदीप जुनेजा के नाम से दावा किया है। कुणाल शुक्ला ने अपनी पत्नी प्रीति उपाध्याय के नाम से दावा किया है। इसी के साथ और कई कांग्रेसी नेताओं द्वारा अपनी पत्नी के नाम से दावा करने की बात सामने आ रही है।

### भाजपा में पत्नी के नाम से कोई दावा नहीं

भाजपा में छत्तीसगढ़ बनने के बाद भाजपा के एक ही महापौर सुनील सोनी हुए हैं। उनके तरफ से कांग्रेस की तरह कोई भी दावा सामने नहीं आया है। इसी के साथ भाजपा के किसी भी नेता ने अपनी पत्नी की तरफ से कोई दावा नहीं किया है। महापौर पद के दावेदार नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी का साफ कहना है, पत्नियों का नाम आगे करने की भाजपा में कभी परंपरा नहीं रही है। हमारी पार्टी का कोई भी महापौर का दावेदार अपनी पत्नी का नाम आगे नहीं कर रहा है। हमारी पार्टी में महापौर का चुनाव लड़ने के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों की कमी नहीं है। पार्टी किसी भी योग्य महिला को चुनाव मैदान पर उतारेगी।

### भाजपा में कई महिलाएं दावेदार

भाजपा में महापौर की टिकट के लिए नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का नाम सबसे प्रबल है। उनका नाम पहले रायपुर दक्षिण से विधानसभा चुनाव में दो बार चल चुका है। पहले मुख्य विधानसभा चुनाव और इसके बाद दक्षिण के उपचुनाव में भी उनकी दावेदारी थी। इसी के साथ भाजपा में अन्य दावेदारों में पार्षद सरिता दुबे, विश्वदिनी पांडेय, सीमा साहू, रायपुर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, पूर्व पार्षद हेमलता चंद्राकर, सावित्री जगत सहित कई नाम दावेदारों के रूप में सामने आए हैं।

## खबर संक्षेप



### जिला कांग्रेस कमेटी की चयन समिति की बैठक

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की चयन समिति की बैठक में पर्यवेक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही सभी चर्चाओं के बाद रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास जमा कराई। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, छाया वर्मा, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, अनीता शर्मा, हर्षद मेहता, दिनेश यदु, सुनील माहेश्वरी, संजय ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर, पप्पू राजेंद्र बंजारे सहित जिला कांग्रेस रायपुर के अंतर्गत समस्त पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस आदि उपसस्थित रहे।

### बोनसाई प्रशिक्षण शिविर आज

**रायपुर।** बोनसाई गार्डन ओक्सीजोन गार्डन कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास श्रीराम मंदिर परिसर में 24 जनवरी को बोनसाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि हमारे देश में किसान अनजाने में अपनी उपज बढ़ाने केमिकल दवाओं और कीटनाशकों का प्रयोग करते रहे हैं। अब उनको ये एहसास हो गया है कि उनकी नासमझी और अनभिज्ञता के कारण कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियां देश में फैलना प्रारंभ कर चुकी हैं। इसी विषय पर शुक्रवार को सुबह 8 से 10 बजे तक चर्चा एवं संकल्प सभा आयोजित है।

## निधन

### शकुंतला जाधव



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी शकुंतला जाधव का 23 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में 24 जनवरी सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे अरविंद राव जाधव, दिलीप राव जाधव, धर्मेंद्र राव जाधव की माता थीं।

### रोजी मेनुएल



**रायपुर।** जेलर लाइन नूरानी चौक राजातालाब निवासी रोजी मेनुएल (82) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जनवरी को अरविंद नगर टिकरापारा स्थित सेंट पॉल्स प्रभु की वाटिका में किया गया। वे अरुण मेनुएल, रविंद्र मेनुएल एवं शालिनी मेनुएल की बहन थीं।

### देवेंद्र कुमार गुप्ता



**रायपुर।** कालीबाड़ी हनुमान नगर निवासी देवेंद्र कुमार गुप्ता का 23 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जनवरी को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे दीपक, प्रदीप, सुनील, संजय गुप्ता के बड़े भाई थे।

# दो हफ्ते पहले विभाग ने जहां की कार्रवाई, उसी खदान में रेत का अवैध खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

कलेक्टर के आदेश पर खनिज विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने करीब दो हफ्ते पहले पारागांव नयापारा स्थित रेत की खदान का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान टीम ने यहां से चेन माउंटेन मशीन सहित रेत से भरी हाईवा गाड़ियों को भी पकड़ा था। इस कार्रवाई के बाद इस खदान में दोबारा रेत का अवैध खनन और परिवहन शुरू हो गया है।

इससे पता चलता है कि रेत माफिया के हौसले कितने बुलंद हैं। हालांकि खदान में अवैध खनन के लिए कहीं न कहीं विभाग भी जिम्मेदार है, क्योंकि अब तक कार्रवाई के नाम पर विभाग पकड़ी गई मशीन एवं गाड़ी मालिकों से जुर्माना राशि लगाकर छोड़ देता है। यही कारण है कि रेत का अवैध खनन और परिवहन का कारोबार थम नहीं रहा है। इधर सूत्रों के अनुसार इस मामले की शिकायत प्रशासन तक पहुंच चुकी है, जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कही है।

### पारागांव नयापारा में खुलेआम चल रहा रेत का अवैध खनन

#### अवैध खनन का विडियो वायरल

पारागांव में रेत का अवैध खनन और परिवहन का एक विडियो वायरल हुआ है। इस विडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि खदान में किस तरह से माफिया के लोग चेन माउंटेन मशीनों से रेत का खनन कर हाईवा गाड़ियों में लोडिंग कराकर रवाना कर रहे हैं। यह विडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। इस विडियो में आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां कतार में चलती दिखाई दे रही हैं, वहीं बोलेरो में मशीन से रेत की लोडिंग की जा रही है। सूत्रों के अनुसार विडियो को आसपास गांव के किसी व्यक्ति ने बनाकर वायरल किया है। ऐसी भी खबर है कि विडियो वायरल होने के बाद अवैध खनन की सूचना जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग में दी गई है, जिसके बाद विभाग जांच कर कार्रवाई करने की तैयारी में है।



**सख्त कार्रवाई की जाएगी**

जहां कार्रवाई की गई है, अगर दोबारा उन खदानों में रेत का अवैध खनन किया जा रहा है, तो इसकी जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेत के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत टीम दिन के साथ रात में भी निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है। - **गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

#### आरंग क्षेत्र में भी रेत और मुरुम का अवैध खनन जारी

पारागांव के साथ नया रायपुर और आरंग क्षेत्र में भी रेत और मुरुम का अवैध खनन किए जाने की सूचना है। नया रायपुर में दो हफ्ते पहले मुरुम का अवैध खनन करते कुछ गाड़ी और जेसीबी गाड़ी को जब्ती बनाया गया था। इसी प्रकार आरंग क्षेत्र में भी रेत से भरी कई गाड़ियों को बगैर रायल्टी पर्ची के पकड़ा गया था। पूछताछ में पता चला था कि इन गाड़ियों में कुरुद, करमंदी, चिखली, कागदेही खदान से रेत की लोडिंग की गई थी। हालांकि इसके बाद टीम खदानों में भी पहुंची थी, लेकिन तब तक खनन करने वाले लोग फरार हो चुके थे। सूत्रों के अनुसार आरंग क्षेत्र में भी बिना अनुमति के कुछ खदानों में फिर से रेत का खनन किया जा रहा है।

### दस लाख रुपए तक आयकर में छूट

# छोटे वाहनों पर जीएसटी कम करने और डेबिट क्रेडिट स्वाइप पर शुल्क समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

केंद्रीय बजट में इस बार आयकर को लेकर उम्मीद की जा रही है कि इस बार दस लाख तक की आय पर टैक्स में छूट मिल जाएगी। इसी के साथ अन्य स्लैब में भी टैक्स कम होगा। इसी के साथ व्यापारिक वर्ग भी अपनी तरफ से कई तरह की मांगें कर रहा है। जहां छोटी कारों और बाइक में जीएसटी को कम करने की मांग है, वहीं आभूषणों के निर्माण पर भी जीएसटी कम करने की मांग है। सोने और चांदी पर आयात भी कम करने की मांग है। डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वाइप का टैक्स समाप्त करने की भी मांग है।

केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश होगा। इसके पहले प्रदेश के व्यापारिक वर्ग ने अपने सुझाव केंद्र सरकार को भेजे हैं। इसमें कई तरह के सुझाव के साथ उम्मीद की जा रही है कि इस बार के बजट में केंद्र सरकार से उनको राहत मिलेगी। वैसे हर वर्ग सबसे अहम महंगाई से राहत चाहता है। इसी के साथ आयकर को लेकर सभी की सोच है कि इसका दायरा बढ़ाकर दस लाख तक करना चाहिए। सभी को लंबे समय से उम्मीद है कि दस लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लगना चाहिए। इस बार यह उम्मीद पूरी हो सकती है।

#### छोटे वाहनों पर टैक्स हो कम

फाड़ा के अध्यक्ष मनीष सिंघानिया का कहना है, छोटे वाहन जिसमें कम कीमत की कारें और बाइक शामिल हैं, इन पर लगने वाली 28 फीसदी जीएसटी को कम करके 18 प्रतिशत करना चाहिए। ये वाहन मध्यम वर्ग लेते हैं, इनको इससे बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह से कॉर्पोरेट टैक्स की तरह की पार्टनरशिप टैक्स पर भी 25 फीसदी टैक्स होना चाहिए, अभी पार्टनरशिप पर 32 फीसदी टैक्स लगता है। इसी के साथ और कई अहम सुझाव हमारी तरफ से गए हैं।



■ चैंबर ऑफ कॉमर्स, सराफा, आटोमोबाइल एसोसिएशन ने भेजे केंद्रीय बजट के लिए कई तरह के सुझाव

#### चांदी पर भी हॉलमार्किंग की मांग

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की तरफ से भी कई सुझाव गए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी और महासचिव प्रकाश गोलछा ने बताया, हमने एक राष्ट्र एक दर का सुझाव दिया है। इसी के साथ सोने और चांदी पर आयात शुल्क को छह से कम करके चार फीसदी करने का सुझाव दिया है। सोने की तरह चांदी को भी हॉलमार्किंग के लिए अनिवार्य करने की मांग रखी है। ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्वाइप करने पर जो शुल्क देना पड़ता है, उसको समाप्त करने की भी मांग रखी है। आभूषणों के निर्माण पर लगने वाली जीएसटी को पांच से कम करके तीन फीसदी करने की मांग है।

#### चैंबर ने दिए ये सुझाव

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया हमने कई तरह से सुझाव दिए हैं। एक अहम सुझाव यह है कि खरीदी पर ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर जो टैक्स लगता है, उसको समाप्त करना चाहिए। शुल्क लगने के कारण ग्राहक डिजिटल भुगतान से कतराते हैं। इसी के साथ टैक्स आडिट की सीमा को एक करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करना चाहिए। धारा 80 सी की लिमिट डेढ़ लाख से बढ़ाकर तीन लाख करनी चाहिए। मकान की किश्त के मूलधन भुगतान के लिए एक लाख रुपए अलग से प्रावधान हो। रिश्तेदारों के उपहार पर टैक्स नहीं में नाना और नानी का नाम भी शामिल होना चाहिए। कृषि जिंसों पर वायदा बंद होना चाहिए। चैंबर की तरफ से भी दस लाख तक की आय को टैक्स से मुक्त करने की मांग रखी गई है।

#### दस लाख तक आय पर राहत संभव

रायपुर सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए धवल शाह के मुताबिक आने वाले केंद्रीय बजट 2025-26 में सरकार द्वारा आयकर 10 लाख रुपए तक की सालाना आय को टैक्स फ्री किया जा सकता है। इसके अलावा, 15 लाख से 20 लाख रुपए की आय पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लागू किया जा सकता है। फिलहाल, नई टैक्स व्यवस्था में 7.75 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता है, जिसमें 75,000 रुपए की मानक कटौती शामिल है। अभी 15 लाख रुपए से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। इन प्रस्तावित बदलावों का मकसद है मध्यम वर्ग के लोगों की बचत बढ़ाना, जिससे खर्च करने की क्षमता बढ़े और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। इसके अलावा, मानक कटौती, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम और किराया भत्ता पर छूट बढ़ने की उम्मीद है। पहली बार घर खरीदने वालों के लिए भी टैक्स में छूट की मांग की जा रही है।

# नो ड्यूज प्रमाणपत्र के लिए नगर निगम में विशेष काउंटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों के लिए नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करने नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। उपायुक्त राजस्व अंजलि शर्मा ने बताया कि निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 217 और नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में समस्त प्रकार के कर बकाया या पूर्ण देयता के संबंध में निर्वाचन संबंधी नो ड्यूज प्रमाणपत्र जारी करने 11 काउंटर खोले गये हैं।

निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार इन काउंटरों में से किसी भी काउंटर में संपर्क कर संबंधित प्रमाणपत्र के लिए अपना आवेदन पत्र दे सकते हैं। 28 जनवरी 2025 दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। इच्छुक आवेदक संबंधित प्रमाणपत्र प्राप्त करने 27 जनवरी को प्रातः 10 बजे तक रायपुर नगर निगम के 11 में से किसी भी काउंटर में आवेदन दे सकते हैं, ताकि नियत तारीख तक उन्हें प्रमाणपत्र जारी किया जा सके। शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन भी ये काउंटर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे।

# बाइक को टक्कर मारने से नाराज राजभवन के पीएसओ ने युवती के मुंह में मारा मुक्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकर नगर इलाके की

स्कूटी सवार युवती द्वारा बाइक को टक्कर मारने से नाराज राजभवन के पीएसओ द्वारा युवती के मुंह में मुक्का मारने की घटना सामने आई है। युवती के मुंह में मुक्का मारने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना से आहत युवती ने मामले की शिकायत एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह से की है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद भी पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। युवती ने एसएसपी के पास अपनी लिखित शिकायत में बताया है कि बुधवार दोपहर वह एक अन्य युवती के साथ अपने स्कूटी से जा रही थी। इस दौरान खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकर नगर स्थित आरोग्य अस्पताल के पास एक बाइक गलत दिशा से आकर अचानक मुड़ गई। सामने बाइक आने की वजह से युवती हड़बड़ा गई और अपनी स्कूटी पर नियंत्रण नहीं कर पाई और स्कूटी पीएसओ के बाइक से टकरा गई। स्कूटी के बाइक से टकराने की वजह से पीएसओ नाराज हो गया और अपनी गलती मानने के बजाय युवती के साथ बदसलूकी करते हुए उसके मुंह में दो बार मुक्का मार दिया। मुक्का मारने वाले पीएसओ का नाम आशुतोष मिश्रा बताया जा रहा है।

#### फूटेज हासिल करने के बाद की शिकायत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पीएसओ ने युवती के मुंह में मुक्का मारा, तब वहां उपस्थित लोग बीच-बचाव करने पहुंचे। इस पर पीएसओ ने बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के साथ भी बदसलूकी की। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घटना से आहत युवती ने अपने साथ घटित घटना का सीसीटीवी फूटेज हासिल कर मामले की शिकायत एसएसपी के पास की है। एसएसपी ने मामले की जांच कराने के बाद कार्रवाई करने की बात कही।

# संजय श्रीवास्तव बोले- जनता से डरी कांग्रेस, घोषणा पत्र के लिए नहीं मांगे सुझाव



■ दीपक बैज बताएं जनता से इतना क्यों डर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, नगरीय निकाय चुनावों में डरी कांग्रेस घोषणा पत्र के लिए सुझाव नहीं मांग रही है। 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने बढ़ चढ़ कर घोषणा पत्र में जनता से सुझाव लेने की बात को प्रचारित किया था। इसके लिए बाकायदा टीएस सिंहदेव जगह-जगह घूमे थे लेकिन इस बार नगरीय निकाय के चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी और उसके प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जनता से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा, अखबारों में प्रकाशित खबरों के अनुसार कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार हो गया है लेकिन उसमें जनता की सोच, जनता के मांग, जनता का संकल्प नहीं है आखिर कांग्रेस ने ऐसा क्यों किया? इसका जवाब सीधा सा है कि कांग्रेस किस मुंह से जनता के पास जाती। श्री श्रीवास्तव ने कहा, पिछले 5 साल सरकार चलाते कांग्रेस ने जिस प्रकार जनता के सपनों को कुचला, अब वह जनता के बीच जाने से घबरा गई है। कांग्रेस का विजन केवल भ्रष्टाचार है, कांग्रेस का संकल्प केवल कुशासन है, ये कांग्रेस भी जानती है और जनता भी जान गई है। इसीलिए कांग्रेस ने जनता से सुझाव नहीं मांगे। दीपक बैज बताए जनता से इतना क्यों डर रहे हैं।

# सोना अब 83 हजारी की राह पर, पहली बार रिकॉर्ड कीमत

■ दाम 85 हजार के पार जाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने की कीमत नए साल में भी लगातार आसमान पर जा रही है। राजधानी रायपुर में तो कीमत ने नया रिकॉर्ड भी बना दिया है। पहली बार सोना जीएसटी के साथ 82600 तक पहुंचा है। हालांकि एक दिन बाद गुरुवार को कीमत दो सौ रुपए कम होकर 82400 रुपए हो गई है, लेकिन यह कीमत भी रिकॉर्ड कीमत है। इसके पहले बीते साल 30 अक्टूबर को सबसे ज्यादा कीमत 82200 रुपए तक गई थी। अब सोना 83 हजारी बनने के लिए बेताब है। इसकी कीमत इस साल 85 हजार के भी पार जाने की संभावना है।

सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के मामले में खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी मे 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।



#### रोज 25 करोड़ का निवेश

अपने राज्य में सोने और चांदी का रोज का कारोबार 50 करोड़ का है। इसमें से आधा यानी 25 करोड़ का कारोबार निवेशकों का है। निवेशक जहां 20 करोड़ रुपए सोने में निवेश करते हैं, वहीं पांच करोड़ रोज का चांदी में निवेश किया जाता है। ऐसे में हर माह सात सौ करोड़ से ज्यादा का निवेश होता है। यह साल का आठ हजार करोड़ से ज्यादा होता है।

#### बीते साल तेजी से बढ़ी कीमत

सोने और चांदी की कीमत बीते साल तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। साल भर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना एक जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78100 रुपए रही। इसी तरह से चांदी के दाम एक जनवरी को 74500 रुपए थे जो 31 दिसंबर को तो 88200 रहे, लेकिन इसकी कीमत 29 अक्टूबर को 101500 रुपए तक गई थी। यानी कीमत 17 हजार रुपए बढ़ी।

### दिवंगत बुजुर्ग का परिजनों ने किया देहदान



**रायपुर।** प्रियदर्शिनी नगर निवासी कमल कुमार जैन (90) का 22 जनवरी को निधन हो गया। उनकी इच्छानुसार परिजनों एवं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति टैगोर नगर के पदाधिकारियों ने उनका पार्थिव शरीर 23 जनवरी को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज के एनॉटॉमी विभाग को शैक्षणिक व अनुसंधान के लिए दान दिया। वे राजेंद्र कुमार जैन, राकेश जैन और ज्योति जैन के पिता थे।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## पेज 13 के शेष ...

### मुठभेड़ में मारे गए...

गए नक्सलियों के खिलाफ तीन करोड़ रुपए के इनाम घोषित हैं। पुलिस सुरक्षा के बीच गुरुवार को नक्सलियों का पोस्टमार्टम जारी रहा। मारे गए नक्सलियों के खिलाफ प्रोटोकॉल का पालन करने की वजह से पोस्टमार्टम में देर हो रही है। आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन के अनुसार नक्सलियों का पोस्टमार्टम सुक्रवार को भी जारी रहेगा। बुधवार को रात 10 बजे तक मारे गए नक्सलियों का पोस्टमार्टम जारी रहा।

### मारे गए नक्सलियों...

- नाम- शंकर- एसीएम, कालाहंडी (ओडिशा), निवासी- ग्राम गामागोडा कोण्टा एरिया, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ 5 लाख ओडिशा, ओडिशा, आंध्रप्रदेश 4-4 लाख
- नाम- कलमू देवे उर्फ कल्ला, जयराम उर्फ गड्डू का गार्ड, एसीएम, निवासी- ऐतराज किस्टाराम एरिया थाना भेजी, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ 5 लाख ओडिशा, ओडिशा, आंध्रप्रदेश 4-4 लाख
- नाम - मंजू एसीएस सदस्य, इनाम - छत्तीसगढ़ 5 लाख ओडिशा, ओडिशा, आंध्रप्रदेश 4-4 लाख
- नाम- रिंकी निवासी- ग्राम केसेकोडी, थाना कोयलीबेडा, जिला कांकेर, उत्तर बस्तर (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ 5 लाख ओडिशा, ओडिशा, आंध्रप्रदेश 4-4 लाख
- नाम- सुखराम- चलपति उर्फ जयराम का गार्ड, पार्टी सदस्य, निवासी- जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), इनाम छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश द्वारा 1-1 लाख
- नाम- रामे ओयम (महिला), निवासी- ग्राम ओयाम पारा तिमेनार, थाना मिरतुर, जिला- बीजापुर (छत्तीसगढ़), इनाम छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश द्वारा 1-1 लाख
- नाम- जैनी उर्फ मासे मुचाकी, मैनपुर एलजीएस सदस्य /12 बोर, निवासी- ग्राम तम्मेनार, थाना मिरतुर, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) 2021 से सक्रिय है, इनाम छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश द्वारा 1-1 लाख
- नाम- मन्नू कंपनी नंबर-1, मॉड एरिया, नारायणपुर (छत्तीसगढ़), इनाम - छत्तीसगढ़ आठ लाख, ओडिशा 4 लाख आंध्रप्रदेश 2 लाख.

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल पहुंचे सेंट्रल जेल, कवासी और देवेंद्र से की मुलाकात



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अलग-अलग मामलों में रायपुर सेंट्रल जेल में कैद वरिष्ठ नेता कवासी लखमा और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में कहा, हमारे विधायक साथी कवासी लखमा और देवेंद्र यादव, दोनों से मेरी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि कवासी लखमा और देवेंद्र यादव को जबरदस्ती फंसाया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने तय कर रखा है कि उनके खिलाफ जो आवाज उठाएगा, उसका मुंह बंद कराना है। कवासी लखमा का कोई दोष तो है नहीं, उनको जबरदस्ती अंदर कर दिए हैं। चुनाव आया है, इस कारण से ऐसा कर रहे हैं।

### जांगिड़ आज से चार दिवसीय दौरे पर

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ शुक्रवार सुबह दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। वे यहां पर चार दिवसीय यात्रा के बाद 27 जनवरी को लौटेंगे। अपने दौरे के दौरान श्री जांगिड़ नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठकों में शामिल होंगे। महापौर, अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने इस बीच कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में मौजूद रहेंगे।

# प्रत्याशी घोषणा में बीजेपी-कांग्रेस से आगे आप, जारी की पहली सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव के लिए गुरुवार को आम आदमी पार्टी ने कई जिलों के कुछ वार्ड में अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। पंचशील नगर स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश महासचिव वदूद आलम के नेतृत्व में हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की गई है। इसमें रायपुर नगर निगम, दुर्ग नगर निगम, बिलासपुर नगर निगम, कोरबा नगर निगम तथा जांजगीर चांपा, सक्ति के लिए प्रथम सूची में नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के प्रत्याशियों की सूची की घोषणा की गई। पार्टी का कहना है कि दूसरी सूची भी शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी।

प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, राजधानी रायपुर के 70 वार्डों में प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। एक-दो दिन के भीतर ही दूसरी सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा यह है कि एक मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसी से आप समझ सकते है कि निगम के अधिकारी और पार्षद की क्या भूमिका है।

## कहा- दूसरी सूची भी जल्द करेंगे जारी, मूलभूत समस्याएं है मुख्य मुद्दा



### इनके नामों की घोषणा

यति यतनलाल वार्ड से ऋषिकांत वर्मा, डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड से भीमसेन देवांगन, संत रामदास वार्ड से मिथलेश साहू, पं.रविशंकर शुक्ल वार्ड से इमरान खान, तात्यापारा वार्ड से लक्ष्मी शर्मा, सदर बाजार वार्ड से राजेंद्र कुमार डागा तथा भक्त माता कर्मा वार्ड से अनीता गुरूदत्त कुर्रे आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी होंगी।

### दिल्ली की तरह होगी डोर स्टेप डिलीवरी

रायपुर लोकसभा अध्यक्ष अजीम खान ने कहा, हम दिल्ली में डोर स्टेप डिलीवरी की सुविधा दे रहे हैं, लोगों को चक्कर काटने नहीं पड़ रहे हैं। कुछ कॉमन मुद्दे तो सभी वार्ड में है, लेकिन कुछ स्पेसिफिक मुद्दे भी हैं। कॉमन मुद्दों में सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी समस्याएं हैं। आम आदमी पार्टी नगरीय निकाय चुनाव में स्वास्थ, शिक्षा, साफ-सफाई और पानी की प्राथमिकता को लेकर कार्य करेगी। लोकसभा महासचिव प्रद्युम्न शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा, कर्मचारी नेता विजय झा, लोकसभा संगठन मंत्री सागर क्षीरसागर, प्रदेश संयुक्त सचिव संतोष कुशवाहा, युवा विंग के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सेन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता नाम घोषणा के दौरान उपस्थित रहे।

# समता कालोनी नाला मामले में नागरिकों ने कलेक्टर, निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

- मंगलम नाले के पास डायवर्सन बना जिसे निगम ने कर रखा है बंद
- मेन रोड पर सड़क के दोनों ओर 5-5 फीट जगह लेने से सड़क संकरी होने का अंदेशा

## नाले का काम बंद करने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूखा पेड़ से रेलवे पटरी की ओर डायवर्ट होने वाले 1 करोड़ 13 लाख की लागत से बन रहे समता कालोनी नाले को लेकर स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि समता कालोनी में नाले में 2 जगह नगर निगम ने डायवर्सन पाइंट बना रखा है, जिसे निगम ने ही बंद कर रखा है। नगर निगम जोन 7 आफिस के पास मंगलम नाले के पास वाले पाइंट को खोला जाए, उस पाइंट को खोले बिना नाला निर्माण का काम बंद किया जाये। नागरिकों का ये भी कहना है कि जिस नाले को रेलवे पटरी की ओर डायवर्ट करने की बात अधिकारी कर रहे हैं, उसकी अनुमति रेलवे ने भी नहीं दी है।

निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने गये नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल में रामबिशाल उपाध्याय, पवन कुमार दुबे, आकाश मिश्रा, बीके पांडे शामिल रहे।

### इन बिंदुओं पर ज्ञापन

- जोन 7 के सामने भैंसथान की ओर नाला बंद है उसे खुलवाया जाये।
- आजाद चौक थाना के पास नाला का लेवल आश्रम की ओर करने संबंधी सुझाव
- हाथीराम मंदिर से मीराद‌ातार से रेल्वे ट्रेक के लिए नाला डायवर्ट हो।
- समता कालोनी मुख्य मार्ग में सड़क डामरीकरण से रोड उपर होगा जिससे घरों में पानी आने की समस्या आएगी इसका समाधान हो।
- खाटू श्याम मंदिर से तालाब की ओर से पानी आ रहा है उसके लिए नगर निगम की क्या योजना है?

## भाजपा सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव को प्रभावित करने ईवीएम मशीन से वीवीपैट को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा की सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव को प्रभावित करने के लिए ईवीएम से वीवीपैट मशीन को हटाया है। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा पहले ही टालमटोल कर रही थी, चुनाव को आगे बढ़ाने के लिए गैर संवैधानिक विधेयक लाया था। भाजपा सरकार के मंत्री अरुण साव ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की घोषणा की थी और उस घोषणा के बाद भाजपा को लगा कि चुनाव में करारी हार होगी। फिर ईवीएम मशीन से चुनाव कराने की घोषणा की और षड्यंत्र पूर्वक ईवीएम से वीवीपैट मशीन को हटा दिया।

- जनता को पता ही नहीं चलेगा कि ईवीएम मशीन में वोट किसको दिए

## बिजनेस साइट

### मंगलम हुंडई में क्रेटा इलेक्ट्रिक हुई लॉन्च



**रायपुर।** मंगलम हुंडई में क्रेटा इलेक्ट्रिक की भव्य लांचिंग की गई। इस अवसर पर मंगलम हुंडई के डायरेक्टर दीपक अग्रवाल और मंगलम गोयल भी उपस्थित रहे। इस इलेक्ट्रिक वाहन का लंबे समय से ग्राहकों द्वारा इंतजार किया जा रहा था। जीएम राज मुराओ ने इस मौके पर जानकारी दी कि क्रेटा इलेक्ट्रिक की शुरुआती कीमत 17.99 लाख है। इस कार की एक बार चार्ज करने पर यह 473 किलोमीटर तक यात्रा कर सकती है। इसके अलावा यह कार 52 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स के साथ उपलब्ध है और चार्जिंग के दौरान डायरेक्ट पेमेंट एवं व्हीकल टू लोड जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए वित्तीय परिणाम

**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए वित्तीय परिणाम घोषित किए। कुल व्यवसाय में 8.31% की वृद्धि हुई, जो 617,368 करोड़ से बढ़कर 668,686 करोड़ हो गई। कुल जमा राशि 5.34% बढ़कर 397,907 करोड़ हो गई। कासा जमा राशि में 5.72% की वृद्धि हो कर यह 95,107 करोड़ पर पहुंची, जो कुल जमा का 49.18% है। सकल ऋण में 12.99% की वृद्धि देखी गई, जो 239,646 करोड़ से बढ़कर 270,779 करोड़ हो गया। सकल एनपीए में 64 बीपीएस का सुधार हुआ, जो 3.86% हो गया। शुद्ध एनपीए 68 बीपीएस सुधार के साथ 0.59% रहा। शुद्ध लाभ में 33.98% की वृद्धि हुई और यह 959 करोड़ हो गया। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 11.71% बढ़कर 3,540 करोड़ रही। बैंक ने अपनी पूंजी को 16.43% तक बढ़ाया, जो पिछले वर्ष से 169 बीपीएस अधिक है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना टोसिस PTOSIS का ईलाज
फोन : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## जनजातीय और लोककला का लोकरंग 26 से

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजातीय और लोककलाओं के 40वें राष्ट्रीय समारोह 'लोकरंग' का शुभारंभ रवींद्र भवन परिसर में 26 जनवरी को शाम 6 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में पारंपरिक बहुवर्णी नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला पर केंद्रित होगा। महान संत रविदास के जीवन और उनकी वाणी को समवेत नृत्य-नाट्य "संत रैदास" प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ख्यात गायिका स्वाति मिश्रा मुंबई साथी कलाकारों के साथ प्रस्तुति देंगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकामेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
राशि:- स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

सुमीत बाजार
पारम्परिक एवं लेटेस्ट फैशन का नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन
मनाइए 26 का जश्न
18 TO 31 JANUARY 2025
₹299 प्रति पीस वाला ब्वॉयस टीशर्ट 2 पीस ₹126/- में
₹566 प्रति पीस वाला लिजा ब्रांड जल मटका ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी ₹226/- में
₹2199 प्रति पीस वाला प्रीमियम ब्रांडेड कार्पोरेट वियर व्हाईट शर्ट ₹426/- में
₹295 प्रति पीस वाला कॉटन फैंसी टॉप size - M to XXL ₹126/- में
₹395 प्रति पीस वाला कुर्ती पेंट सेट size - M to XXL ₹226/- में
₹395 प्रति पीस वाला फैंसी फ्रॉक कुर्ती 2 पीस size - M to XXL ₹426/- में
₹342 प्रति पीस वाला वॉटर मिलॉन जार ट्रेवल एवं ऑफिस के लिये अतिउपयोगी ₹126/- में
₹495 प्रति पीस वाला फैंसी लिलन प्रिंट साड़ियाँ ₹226/- में
₹795 प्रति पीस वाला सिल्क डायड कॉटन साड़ियाँ फैंसी वर्क ₹426/- में
₹420 प्रति पीस वाला मेन्स कॉलर टीशर्ट size - L to XXL ₹126/- में
₹399 प्रति पीस वाला मेन्स रेडीमेड शर्ट मिक्स वेरायटी size - L to XXL ₹226/- में
₹1799 प्रति पीस वाला ब्रांडेड किंग साईज डबलबेड बेडशीट ₹426/- में
निश्चित खरीदी करें और पाये ₹26 में
बाजार मूल्य ₹699 & above वाली बैगपैक ₹26 में ₹3999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹1899 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेपटॉप बैग ₹26 में ₹5999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹2999 & above वाली ब्रांडेड ट्रेवल डफल बैग ₹26 में ₹8999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹3999 & above वाली प्रीमियम ब्रांडेड लेडिस हैण्डबैग ₹26 में ₹11999 की खरीदी करने पर
बाजार मूल्य ₹4999 & above वाली ब्रांडेड ट्रैवल व्हीलर बैग ₹26 में ₹25999 की खरीदी करने पर
20 inch 22 inch 24 inch 3 PCS SET
रायपुर बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी • न्यू राजेन्द्र नगर • गली नं. 2, कटोरा तालाब मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी • मेन रोड, बिरगांव • बोरिया रोड, संतोषी नगर • रायपुरा हास्पिटल के सामने, महादेव घाट आरंग - स्टेट बैंक के बाजू, मेन रोड
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई • गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग • मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा • लोहारा रोड, कवर्धा • मेन रोड, महासमुंद • गुरूद्वारा के सामने, सराईपाली • आकांक्षा टॉवर, दुर्ग रोड, बालोद गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर • मेन रोड, नुआपाड़ा • मेन रोड, खरियार रोड, उड़ीसा

RPR_Bhoomi_24_2025-05_Layout 1 1/24/2025 12:30 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




2
माता-पिता चलते फिरते भगवान...

## एजुकेशन अपडेट

### रेलवे ग्रुप डी के 32438 पदों पर भर्ती, 22 फरवरी तक आवेदन

**रायपुर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से ग्रुप डी के तहत 32438 पदों पर भर्ती का ऐलान किया गया है। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 जनवरी 2025 से शुरू हो चुकी है, जो 22 फरवरी 2025 तक जारी रहेगी। भर्ती के लिए आवेदन शुरू होने से पहले रेलवे की ओर से लेवल 1 पदों के लिए शैक्षिक योग्यता में भी बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब केवल 10वीं पास इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। ऐसे में रेलवे में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे युवा आवेदन स्टार्ट होने के बाद ऑफिशियल वेबसाइट या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक से फॉर्म भर सकते हैं। रेलवे की ओर से जारी की गई शॉर्ट नोटिफिकेशन के मुताबिक, इस भर्ती के माध्यम से कुल 32438 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। पदानुसार पाइंट्समैन (बी) के लिए 5058 पद, असिस्टेंट (ट्रैक मशीन) के लिए 799 पद, असिस्टेंट (ब्रिज) के लिए 301 पद, ट्रैक मेंटेनर ग्रेड IV इंजीनियरिंग के लिए 13,187 पद, समेत अन्य पदों के लिए 3077 पद आरक्षित हैं।



#### इस तरह पदों पर चयन

आरआरसी ग्रुप डी भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट 1 से होकर गुजरना होगा। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे, वे भर्ती के अगले चरण की परीक्षा के दूसरे भाग में हिस्सा ले पाएंगे। सीबीटी 2 के बाद क्वालीफाई अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं मेडिकल एग्जामिनेशन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अंत में सभी चरणों के अनुसार उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी और सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

# बेटियां रहें हेल्दी इसलिए...

## सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम करने लगवा रहे टीके

दीपांजली साहू ▶▶| रायपुर

> बच्चों को ज्यादातर टीके मां के गर्भ से ही लगने शुरू हो जाते हैं, जो खतरनाक बीमारियों की चपेट में आने से रोकते हैं। वर्तमान में महिलाओं को होने वाली दूसरा सबसे गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर है, यह गर्भाशय ग्रीवा में होने वाला घातक कैंसर है। इसका टीका 9 साल की उम्र से ही लगना शुरू हो जाता है, इससे सालों बाद होने वाली गंभीर बीमारी की खतरा टल जाता है। बालिका दिवस के अवसर पर माता-पिता अपनी बच्चियों के लिए जागरूक हो जाएं, 9-14 साल की उम्र से ही यह वैक्सीन लगाकर अपनी बच्चियों को कैंसर संबंधित बीमारी से सुरक्षित कर सकते हैं।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने सर्वाइकल कैंसर और महिलाओं की गंभीर बीमारियों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए कहा कि महिलाओं की समस्याओं को समझते हुए नई वैक्सीन भारत में भी तैयार की जा रही है। साथ ही पीसीओडी, पीरियड्स, शरीर की साफ-सफाई को गंभीरता से लेने की बात कही, इसे ध्यान न देने पर निमोनिया, कैंसर, मोटापा, एनीमिया संबंधित बीमारी होने की बात कही है।

### 9 साल की उम्र से सर्वाइकल कैंसर का टीका जरूरी

पंडरी स्थित जिला अस्पताल से शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. निलय ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचने बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जाती है। संक्रमण नष्ट करने के लिए अस्पतालों में 9 साल की उम्र में वैक्सीन लगाई जाती है। भारत की महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे अधिक मृत्यु का कारण है, इससे बचने के लिए बीते 2-3 सालों से भारत में वैक्सीन तैयार की जा रही है, जिसे निजी अस्पतालों में सरलता से प्राप्त किया जा सकता है, इसकी कीमत 2 हजार से 3500 रुपए तय है। सरकारी अस्पतालों में अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन बच्चियों के स्वस्थ जीवन के लिए यह टीका जरूरी है। टीके के 9-14 साल की उम्र में दो डोज लगते हैं, जिसके बाद लगभग 15-45 साल में 3 डोज लगाए जाते हैं। बालिकाएं अपनी शादी से पहले जरूर लगाएं।



राष्ट्रीय बालिका दिवस

### पीरियड्स में हाइजीन रखें

आंबेडकर अस्पताल की स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक ज्योति जायसवाल ने बालिकाओं की कम उम्र से ही देखभाल की जानी चाहिए। बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी परिजनों की होती है, ऐसे में उन्हें बेसिक शारीरिक समस्याओं की जानकारी कम उम्र से ही दी जानी चाहिए। बच्चों को बताएं कि पीरियड्स के वक्त हाइजीन का ध्यान रखें। हाइजीन मेंटेन न होने से यूरिन और वैजिनाइटिस में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। पीरियड्स के दिनों अधिक ब्लडिंग होने से एनीमिया की समस्या होती है।

### बचपन से ही माता-पिता ने आत्मनिर्भर बनने दी ट्रेनिंग





समाज में अब युवतियों को भी पुरुषों की तरह सशक्त बनाने की तैयारी जारी है, जहां माता-पिता बेटियों को बचपन से आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। जिनके घर पर कहा जा रहा, जो काम लड़के कर सकते हैं, वो लड़कियां क्यों नहीं कर सकती? तुम सभी काम करने के लिए सक्षम हो। हरिभूमि से चर्चा के दौरान 45 वर्षीय प्रेरणा ध्रुव ने बताया कि मां ने बचपन से सिखाया अपना काम खुद करना सीखो...किसी दूसरे पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में मां साथ नहीं है, लेकिन उनकी प्रेरणा आज भी याद है। कॉलेज के दौरान बाइक सीखा, अब मैं बाइक राइडिंग पर जाती हूं। बीते दिनों 1300 किलोमीटर का सफर तय किया है। शादी के बाद 13 वर्षीय बच्ची को भी आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग जारी है, इससे उसे दूसरों पर निर्भर रहने की जरूरत न हो।



### मेरी बेटियां मेरा गर्व

यशोदा ठाकुर की चार बेटियां हैं। वे बताती हैं, परिवार के सदस्यों को बेटे की चाह थी, लेकिन मैं अपनी बेटियों पर गर्व करती हूं। मेरी चार बेटियां वर्तमान में अच्छे पद पर हैं और किसी पर निर्भर नहीं हैं। मेरे अनुसार बेटे और बेटियों में कोई अंतर नहीं है, सभी एक समान ही हैं। बड़ी बेटी नागपुर के अस्पताल में चिकित्सक है, दूसरी बेटी पेंटिंग और सिलाई में परिपूर्ण है, तीसरी बैंकिंग की पढ़ाई कर रही है और चौथी बेटी शिक्षक है। घर की 30 एकड़ खेती का जिम्मा भी बेटियों ने संभाला है, जो काम के साथ खेती करना भी पसंद करती हैं। मेरी बेटियां बेटों के अनुसार ही सभी काम करने में योग्य हैं।



## लाइव इवेंट

### कृषि में बढ़ा टेक्नोलॉजी का उपयोग, युवा नवाचार पर ध्यान दें



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39वें स्थापना दिवस के अवसर कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का गुरुवार को समापन हुआ। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि सम्मेलन में काफी अच्छे शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण आने वाले समय में हाइब्रिड मोड पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों को इस तरह के आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेना चाहिए।

#### 474 प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए 190 शोध

राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला के सम्मेलन समन्वयक डॉ. आरए शाह ने कहा भविष्य में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के साथत मिलकर और भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समापन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने बताया कि इस सम्मेलन में 474 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 824 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 190 शोधपत्रों का मौखिक एवं 39 शोधपत्रों का ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण दिया गया।

## छात्रों ने जाना संगीत में खंडमेरू का गणितीय सिद्धांत

**रायपुर।** भारतीय संगीत को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाने की परंपरा में एक और कदम बढ़ाते हुए कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में स्वर प्रस्तार खंडमेरू पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. दीपक बेडेकर ने खंडमेरू सिद्धांत के माध्यम से संगीत के स्वरों और उनकी गणितीय संरचना पर प्रकाश डाला। डॉ. बेडेकर ने अपने व्याख्यान में बताया कि खंडमेरू के गणितीय सिद्धांत का उपयोग भारतीय शास्त्रीय संगीत में कैसे किया जा सकता है। उन्होंने स्वरों के संयोजन और उनके क्रमपरिवर्तन की व्याख्या करते हुए समझाया कि यह सिद्धांत संगीत के रचनात्मक और वैज्ञानिक पहलुओं को जोड़ने में कितना उपयोगी है। उन्होंने विद्यार्थियों को खंडमेरू का व्यावहारिक उपयोग दिखाते हुए राग संरचना और आरोह-अवरोह की व्याख्या की।

- संगीत के रचनात्मक और वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा



### संगीत की गहराई में जाने का मौका

महाविद्यालय के वरिष्ठ गायन शिक्षक नारायण केहरी ने इस अवसर पर कहा, "खंडमेरू जैसे विषयों पर व्याख्यान हमारे संगीत छात्रों को न केवल संगीत की गहराई में जाने का मौका देते हैं, बल्कि उन्हें इसे वैज्ञानिक रूप से समझने का नया दृष्टिकोण भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अभिषेक थवाईत, मयंक बैरागी और प्रीति पांडा जैसे छात्रों ने इसे प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान के आयोजकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों की और अधिक मांग की।

## गोंडी धर्म सम्मेलन में देशभर से पहुंचे आदिवासी साहित्यकार

**रायपुर।** गोंडवाना समाज 84 परगना के तत्वावधान में छोटेडोंगर, नारायणपुर, बस्तर में आयोजित गोंडी धर्म सम्मेलन 18 और 19 जनवरी को आयोजित किया गया। दो दिवसीय भाषायी, सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभर के भाषाविद, समाजसेवी, आदिवासी साहित्यकारों के अलावा हजारों की संख्या में जनसमूह शामिल हुआ। ये अभूतपूर्व कार्यक्रम भाषा और संस्कृति की दृष्टिकोण से बहुत ही उपयोगी रहा, जिसमें भारत की सबसे प्राचीन जनजाति गोंड, गोंडिय और गोंडवाना पर वृहद चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केएस मैत्री हम्पी विश्वविद्यालय कर्नाटक से थे, उन्होंने गोंडिय भाषा और गोंडिय शब्दकोश पर अपने विचार रखे और बताया कि कर्नाटक में भी ऐसे कई स्थानों के नाम गोंड शब्द से आते हैं, पर उनका इतिहास किसी को भी ज्ञात नहीं है। दिल्ली के गोंडिय भाषाविद ने अपना उद्बबोधन गोंडिय भाषा में दिया। उनका मानना है कि जल्द ही सामूहिक प्रयास से 22वीं अनुसूची में गोंडिय भाषा दर्ज होगी।



## सिटी इवेंट

### खुशहाल जीवन जीने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी



रायपुर। रेलवे के डब्ल्यूआरएस स्थित उल्हास भवन में गुरुवार को रायपुर में तनाव प्रबंधन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अरविंद झा हार्ट फुलनेस इंस्टिट्यूट रायपुर के मेंबर व सहयोगी रोहित बजाज द्वारा आमतौर पर आधुनिक जीवन की भागदौड़, काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियों से जीवन में तनाव का कारण बनना बताया गया। तनाव प्रबंधन की तकनीकों को अपनाकर स्वस्थ, खुशहाल जीवन जीने के संबंध में अपनी देखभाल स्वयं कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता से ध्यान रखना जैसे महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी दी गई।

#### यौन उत्पीड़न को गंभीरता से लिया जाना चाहिए

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण के संबंध में सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें अंकिता मिश्रा, सहायक विधिक सलाहकार, रक्षा परिषद रायपुर व एचएस चंद्रवंशी, वरिष्ठ लोक अभियोजक द्वारा जानकारी दी गई। बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न यह एक ऐसा मुद्दा है, जो केवल व्यक्ति विशेष को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे संगठन के वातावरण में नकारात्मक प्रभाव डालता है।

## 30 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत, मंदिर में हुई तैयारी

# गुप्त नवरात्रि पर मंदिरों में मंत्र जाप, होगा माता का अभिषेक और श्रृंगार, महाकुंभ से इस बार शुभ संयोग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** साल की पहली गुप्त नवरात्रि 30 जनवरी से शुरू होने वाली है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की विधिवत पूजा होगी। माघ नवरात्रि को तंत्र-मंत्र और सिद्धि प्राप्त करने का विशेष महत्व माना गया है। महामाया मंदिर में मंत्र जाप, अभिषेक और श्रृंगार समेत अन्य अनुष्ठान पुरोहित करेंगे। मंत्र-मंत्र साधना के लिए यह नवरात्रि सबसे प्रमुख मानी जाती है। माना जाता है कि इस नवरात्रि में जो भी मनोकामनाएं माता दुर्गा से मांगी जाती हैं, वे पूर्ण होती हैं। खासकर शादी-विवाह की रुकावटों के उपाय इस नवरात्रि में सिद्ध होते हैं। इस बार महाकुंभ के बीच में गुप्त नवरात्रि की शुरुआत बेहद शुभ संयोग है, इसलिए माघ महीने की ये गुप्त नवरात्रि बेहद खास है। हिंदू धर्म में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है, जिनमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा भी दो गुप्त नवरात्रि हैं।

### मंदिर में होगी माता की आराधना


गुप्त नवरात्रि में नौ दिनों तक शहर के देवी मंदिरों में माता की आराधना होगी। महामाया मंदिर में माता विशेष श्रृंगार होगा। इस दौरान सांस्कृतिक व भजन मंडल के कार्यक्रम भी होंगे। इसके अलावा रविवि परिसर स्थित बंजारी धाम में भी माता की विधिवत पूजा की जाएगी। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भक्त माता की साधना करने पहुंचते हैं। पुरानी बस्ती स्थित दंतेश्वरी मंदिर व डगनिया में शीतला माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि में अनुष्ठान होंगे।





### गुप्त साधना से कष्ट होते हैं दूर

गुप्त नवरात्रि में गुप्त रूप से भक्त माता की आराधना करते हैं। मंदिर में ज्योति स्थापित भी की जाती है। पुजारी पं. मनोज शुक्ला का कहना है, इस नवरात्रि में गुप्त साधना से माता प्रसन्न होती है। योग में मां की पूजा-उपासना से कष्ट दूर होंगे। गुप्त तरीके से पूजा की जाती है। तंत्र-मंत्र और सिद्धि के लिए यह नवरात्रि बेहद खास है। कंकाली माता मंदिर में गुप्त नवरात्रि में तांत्रिक, साधक व अघोरी तंत्र-मंत्र और सिद्धि प्राप्त करने के लिए मां दुर्गा की साधना करते हैं। इन नवरात्रि की गई मां की आराधना सारे दुख दूर कर देती है।



### माघ गुप्त नवरात्रि 2025 कलश स्थापना मुहूर्त

इस साल 30 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है, इस दिन श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र के साथ व्यतीपात योग बन रहा है, जो पूजा पाठ के लिए बेहद शुभ है। इस दिन कलश स्थापना के लिए आपको दो शुभ मुहूर्त प्राप्त होंगे, पहला मुहूर्त सुबह 9 बजकर 25 मिनट से सुबह 10 बजकर 46 मिनट तक है। दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर में 12 बजकर 13 मिनट से दोपहर 12 बजकर 56 मिनट तक है।

### माघ गुप्त नवरात्रि 2025 तिथि

पंचांग के अनुसार इस साल माघ शुक्ल प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 जनवरी 2025 को शाम 6 बजकर 5 मिनट से हो रही है, इस तिथि का समापन 30 जनवरी को शाम 4 बजकर 1 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार माघ गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ 30 जनवरी 2025 के दिन से होगा।

समाज लाइव

# दिवंगत इंदुबेन की आंखों से दो लोग देख सकेंगे दुनिया

**रायपुर।** रंगों के बगैर दुनिया में सबकुछ अधूरा है। इसका एहसास गुजराती लोहाणा समाज के लोगों को भी है। इसे देखते हुए ही परिवार में शोक के समय भी अपना गम भूलकर दो नेत्रहीनों की खुशी के लिए दिवंगत इंदुबेन खेमत कुमार दावड़ा का नेत्रदान परिवार के लोगों ने कराया। शाम को 7 बजे समता कॉलोनी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी खेमत कुमार दावड़ा की धर्मपत्नी का 70 की उम्र में निधन होने पर विचार किया। ध्यान दिलाने पर आंखों का महत्व समझते हुए श्री दावड़ा के पुत्र राहुल, बहू अंजलि और पुत्री सोनल ने उनके नेत्रदान के लिए सहमति दी। तब मेकाहारा के सहयोग से उनका नेत्रदान कराया गया। विक्रम हिशीकर ने नेत्रदान की जानकारी दी।



### वरिष्ठजनों ने दिया साधुवाद

उन्होंने कहा कि इसमें बताना लाजिमी होगा कि दावड़ा परिवार वैसे भी समाजसेवा के लिए सरलता और दयालुता के लिए गुजराती समाज में अपना अलग स्थान रखता है। नेत्रदान को लेकर लिए गए निर्णय की चर्चा समाज के लोगों में भी रही। हर किसी ने दुख की घड़ी में परिवार द्वारा लिए गए निर्णय को सराहा। गुरुवार को दोपहर में मारवाड़ी श्मशानघाट में समाज के वरिष्ठजनों ने भी उनके अंतिम संस्कार में नेत्रदान के लिए परिवार को साधुवाद प्रदान किया। अब इंदुबेन की आंखों से इस सुंदर दुनिया को दो नेत्रहीन देख सकेंगे।

सिटी लाइव

# शिक्षकों और विद्यार्थियों ने किया 30 यूनिट रक्तदान



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र जयंती के अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। परीक्षण के लिए डॉ. विकास कुमार द्विवेदी वरिष्ठ फिजियोथेरेपी सलाहकार, डॉ. प्रतीति त्रिपाठी एमबीबीएस महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. विकास मिश्रा एमबीबीएस नेत्र रोग विशेषज्ञ, सर्जन, अनन्या मिश्रा डेंटल विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 30 यूनिट रक्तदान किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और प्रत्येक व्यक्ति को इस प्रकार के सामाजिक कार्य में सहभागी होना चाहिए।

### विभिन्न रोग की मिली जानकारी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि छात्रों के प्रोत्साहन के लिए इस प्रकार के आयोजन जरूरी है। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर अभिषेक अग्रवाल, प्रोफेसर दीपिका अवधिया ने बताया कि शिक्षकों और छात्रों द्वारा 30 यूनिट रक्तदान किया गया।रक्तदान शिविर का आयोजन रेड रिबन क्लब, आईयूएसी सेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में और निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर नेत्र प्रसूति, दांत और फिजियोथेरेपी आईयूएसी सेल, राष्ट्रीय सेवा योजना, फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन सेंटर रायपुर छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समाज इवेंट

# 14 प्रतिभागियों को किया वैदेही कोहिनूर अवार्ड से सम्मानित



**रायपुर।** इस साल दूसरे पायदान पर वैदेही अपराजिता कोहिनूर अवार्ड-2025 का आयोजन वीआईपी रोड स्थित एक क्लब में किया गया। इसमें अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वालों को अतिथियों द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ। अवार्ड के दौरान मंच संचालन श्रेया श्रीवास्तव और लक्ष्य ने किया। वहीं आयोजक पायल नागरानी ने बताया कि यह अवार्ड श्रृंखला का दूसरा वर्ष है। इसकी शुरुआत वर्ष 2024 में की गई थी। इसके बेहतर प्रतिसाद को देखते हुए इस वर्ष भी शानदार आयोजन किया गया। सुश्री नागरानी ने कहा कि वैदेही अपराजिता कोहिनूर अवार्ड के लिए योग्यता के आधार पर चयन किया जाता है। इसमें 5 से 80 वर्ष की आयु के प्रतिभागी शामिल हुए।

### समारोह को सफल बनाने की पहल

इसमें अतिथि दर्शन सिंह, वनीता सोनकर, एडवोकेट जया गुप्ता, डॉ. रत्ना अग्रवाल, कोशिश जादवानी, पारूल मौजूद रहीं। वहीं सहयोगी के रूप में डॉ. भोजवानी, कविता कुंभज, पल्लवी मिश्रा, डॉ. सारिका श्रीवास्तव, विनय बोपचे व दिव्या माधवन ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इनके प्रयास से कोहिनूर अवार्ड-2025 से नवाजे गए लोगों में दीशार्थ कुमार, रूद्रनील पति, ज्योति मिश्रा, प्रियंका राजपूत, आरूष मेहर, शुभा शुक्ला, विनोद वाल्मीकि, संजय कृष्ति प्रमुख हैं। इस आयोजन को हर किसी से बेहतर प्रतिसाद मिला।

पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी के लिए सजने लगी विभागीय झांकियों की श्रृंखला

# गांव की सड़क-सुविधाएं, बस्तर के राजा का शौर्य होगा आकर्षण, झांकियों में नई बिल्डिंग की झलक

'सिविल लाइंस में 26 जनवरी को होने वाले ध्वजारोहण की तैयारी अब रफ्तार पकड़ने लगी है। परेड मैदान में इस बार जहां जवानों का शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बनने वाला है। इस कड़ी में विभागीय झांकियों को थीम बेस्ड बनाने का सिलसिला भी एजेंसियों ने शुरू किया है। इस बार लोगों को सरकारी योजना से अलग-थलग आकर्षक झांकियां देखने को मिलेगी। इसमें गांव की सड़क और सुविधा के बीच बस्तर के राजा शौर्य भी देखने को मिलेगा। खादी ग्रामोद्योग नई बिल्डिंग को ही झांकी का हिस्सा बनाने वाला है।'

**रायपुर।** चुनावी वर्ष होने से इस बार थीम तय करने में विलंब की स्थिति बनी। आनन-फानन में झांकियों को बनवाने का सिलसिला विभागों ने शुरू किया है। इस बार 15 विभागों को ही झांकियों की श्रृंखला का हिस्सा बनने का अवसर दिया है। इनमें शामिल जेल विभाग ने भी झांकी बनाने का क्रम शुरू किया है। बताया जाता है कि इस बार जेल विभाग बंदियों द्वारा संवारी गई नर्सरी को झांकी का हिस्सा बनाने वाला है। इसके अलावा जेल में चलने वाले साबुन कारखाना को भी दिखाने की तैयारी है। साथ ही जेल में योग की झलकियां झांकियों में शामिल होंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग खुशहाल छत्तीसगढ़, सुपोषित बच्चे व स्वस्थ माताएं थीम पर झांकी सजाने वाली है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग की झांकी में नई शिक्षा नीति को दिखाने की तैयारी है। इसमें स्मार्ट स्कूल, क्लास के साथ ही प्रयोगशाला भी खास होगा।



### शिक्षा-आकर्षक नई बिल्डिंग की झलक

इस बार खादी ग्रामोद्योग विभाग की झांकी में आकर्षक नई बिल्डिंग की झलक देखने को मिलेगी। बाहर से वह किस तरह से आकर्षक दिखेगी, इसे लोग बिल्डिंग बनने से पहले ही पुलिस परेड मैदान की झांकी में देख सकेंगे। पंडरी पुराना बस स्टैंड के पास स्थित नए भवन में किस-किस तरह के शिल्प से जुड़े युवा अपनी प्रतिभा निखारते हैं। उसे भी दिखाने का प्रयास सुरेश प्रजापति अपनी टीम के साथ झांकी में दिखाने के लिए अब रात-दिन काम करने वाले हैं। इसके लिए गुरुवार को ही उनकी टीम ने झांकी बनाना शुरू भी कर दिया है। इसके लिए ट्रेलर्स की कतारें भी सजा रहे हैं। इसके ऊपर ही सभी कलाकृतियां उकेरी जाएंगी।






### बस्तर के राजा का शौर्य होगा खास

इस बार आदिम जाति विभाग ने राजा गेंदसिंह (भाऊ) के जीवन की झलकी लोगों के सामने पेश करने का मन बनाया है। इसमें शौर्य से जुड़ी झलकियों के साथ ही बस्तर के 200 साल की यादों को आकर्षक झांकी में दिखाने की तैयारी है। इसे कलाकारों ने ट्रेलर पर हूबहू उतारने के लिए काम शुरू कर दिया है। साथ ही बस्तर की जीवनशैली और वहां हुए बदलाव को भी लोग देख सकेंगे। इसके लिए झांकी बनाने वाली एजेंसियों के पास करीब 36 घंटे ही बचे हैं। इस बीच उन्हें विभाग के निर्देश का पालन करते हुए चाही गई झलकी को झांकी का हिस्सा बनाते हुए 25 जनवरी को देना है।


### ग्रामीण परिवेश और खुशनुमा माहौल

पंचायत विभाग की झांकी भी 26 जनवरी का हिस्सा बनने लगी है। इस बार सिविल लाइंस में परेड देखने पहुंचने वाले लोगों के बीच कुछ खास करने की तैयारी है। सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार नहीं करने की चुनावी बाध्यता के चलते इस झांकी में लोगों को नेल्लानार की झलक देखने को मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र का बेहतर माहौल के साथ ही वहां की सड़क, नाली और आवास भी आकर्षण का केंद्र बनने वाले हैं। इससे शहरी परिवेश में रहने वाले लोगों को तेजी से बदल रहे ग्रामीण क्षेत्र की झलक भी देखने को मिलने वाली है। इसके लिए कलाकारों की टीम ने काम शुरू करने के साथ ही समय पर पूरा करने की तैयारी की है।

गुरुनानक नगर में तीन दिनों तक सुबह-शाम गूंजेगी गुरुबाणी

# शिमला-जालंधर के जत्थे ने सजाया अलौकिक कीर्तन दरबार, गुरुबाणी का संगीतमय गायन

हजूरी जत्थों की वाणी से अलौकिक कीर्तन दरबार का आगाज हुआ। इसका हिस्सा बनने के लिए भारी तादाद में सिख समाज के लोग पहले दिन ही पहुंचे। इस तीन दिवसीय सरब सांझी गुरुबाणी का संगीतमय गायन करने के लिए शिमला, जालंधर से भी रागी जत्था पहुंचा है।



**रायपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा गुरुनानक नगर में गुरुवार की शाम हजूरी रागी जत्थों में भाई परदीप सिंघ की आवाज1 ने हर किसी को कीर्तन समागम में रमने का अवसर दिया। इस अलौकिक कीर्तन को गुलजार करने के लिए इस बार भी तीन दिनों तक सुबह और शाम को संगीतमय कीर्तन के लिए भव्य तैयारी है।

### सफल बनाने संभाल रहे कमान

पंजाब से कटे हुए समाज को गुरुबाणी से जोड़ने के लिए अलौकिक कीर्तन का 33वां वर्ष है। इसके संयोजक प्रीतपाल सिंघ चंडोक द्वारा हर साल यह आयोजन किया जाता है। इसमें गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा के सहयोग से इसे साकार किया जा रहा है। महेंद्र सिंघ सिब्बल, राजिंदर सिंघ भसीन, जेएस भाटिया के साथ गुरबक्श सिंह इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। प्रमुख ग्रंथी भाई अमरीक सिंघ ने अरदास करते हुए कीर्तन समागम की सफलता के लिए कामना की।



### सुबह और शाम के दीवान का समय

वहीं 24 जनवरी को दीवान सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसमें बारी-बारी से कीर्तन की श्रृंखला दोपहर तक सजाई जाएगी। इसके बाद शाम का दीवान 6 बजे शुरू होगा। 25 जनवरी की रात रैन सवाई से इसका समापन होगा। मुंबई से आए कथावाचक हरिकबाल सिंह बाली इस दौरान जत्थों के बारे में संगत को बताते हुए उन्हें गुरुबाणी गायन के लिए मंच से जोड़ने में कड़ी की तरह काम करेंगे। आमंत्रित जत्थों में हजूरी रागी दरबार साहिब, शिमला, जालंधर से आए प्रसिद्ध रागी जत्थों में सुखवंत सिंघ, दलवीर सिंघ, अमनदीप सिंघ, गुरुप्रीत सिंघ के साथ ही भाई महताब सिंघ प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

# माता-पिता चलते फिरते भगवान, उनकी सेवा करें, फूल चढ़ाने का मतलब नहीं

**रायपुर।** जो सामर्थ्यवान है, उन्हें कभी दोष नहीं लगता। लोग ढोंगी को जल्दी स्वीकार भी कर लेते है, लेकिन सच्चाई स्वीकार करने में उन्हें काफी तकलीफ होती है। यह बात हनुमान मंदिर गुढ़ियारी के वार्षिकोत्सव में श्रीमद भागवत कथा की विश्रांति के अवसर पर वृंदावन के भागवताचार्य पं. मनोज कृष्ण शास्त्री ने गुरुवार को श्रोताओं के बीच कही। आगे बताया कि अगर भक्ति के भाव मन है तो उसमें मांगने का भाव नहीं होना चाहिए। परिस्थितियां चाहे जैसी हों, भगवान को नहीं भूलना चाहिए। चित्रलेखा-पौण्डिक देव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि कभी ढोंगी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उनके प्रभाव में आने वाले व्यक्ति के साथ छल ही होता है। चित्रलेखा ने श्रीकृष्ण की परिकल्पना कर चित्र को उकेरा था।



### भक्तों की स्थिति से परिचित

गरीबी चाहे कितनी भी आ जाए, भगवान को नहीं भूलना चाहिए, न सुख में और न ही दुख में। मित्र से मिलने की इच्छा सुदामा की थी, लेकिन भगवान से मांगने के लिए जाने की इच्छा कतई नहीं थी। मित्र, गुरु, बहन, बेटी के यहां कभी भी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। कुछ न कुछ जरूर लेकर जाना चाहिए। सुदामा अपने मित्र से मिलने भी मुट्ठीभर चावल लेकर गए थे। भगवान की भक्ति में मांगने की इच्छा मन में कभी नहीं होनी चाहिए। भगवान भक्तों की स्थिति से परिचित होते हैं। कुछ बताने या जताने की जरूरत ही नहीं होती।

### सुदामा से बड़ा भक्त कोई नहीं


पौण्डिक स्वयं को राजा समझने लग गया। भगवान श्रीकृष्ण ने उनका संहार ही नहीं उद्धार भी कर दिया। हमारे आपके बीच माता-पिता चलते-फिरते भगवान हैं। उनकी सेवा सभी को करनी चाहिए। मृत्यु के बाद फोटो पर हार चढ़ाने और हाथ जोड़ने का कोई मतलब नहीं है। सुदामा प्रसंग पर शास्त्रीजी ने कहा कि सुदामा को गरीब कहना गलत है और भिखारी कहना असत्य है, क्योंकि सुदामा जैसा धनवान जग में कोई नहीं हो सकता। वास्तव में सुदामा से बड़ा भक्त कोई नहीं हुआ। दरिद्रता के बावजूद भी सुदामा ने कभी भी भगवान का साथ नहीं छोड़ा और उनसे कुछ मांगा भी नहीं।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# कैनवास पर उतारे आजादी के रंग, नेताजी के चरित्र की जीवंत प्रस्तुति, स्कूलों में आजाद हिंद फौज पर चर्चा भी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उनके जीवन से जुड़ी तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई। अवलोकन करने पहुंचे मुख्य अतिथि ने कहा कि देश के कलाकारों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर अपने कैनवास पर आजादी के रंग उकेरकर और उनके जीवन चरित्र की जीवंत प्रस्तुति से हम सबको मोहित कर दिया है। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन चरित्र को रेखांकित करती रचनाएं प्रदर्शित की गई। गांधीजी और नेताजी का संवाद, आजाद हिंद फौज को संबोधित करते नेताजी का चित्र, हिंदुस्तान के तीन रत्न शीर्षक से बीच में नेताजी सुभाषचंद्र बोस, दाएं महाराणा प्रताप, बाएं वीर शिवाजी महाराज की त्रिमूर्ति को जीवंत किया है।





### पीएम करेंगे विजेताओं को सम्मानित

*नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जयंती अवसर पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 में 'प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया है। इसका विषय 'भारत है अहम 5 भागों पर आधारित' रखा गया, स्पर्धा में विभिन्न केंद्रों के सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। जिन्होंने देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वीर जनावो, भारत का इतिहास एवं महान पुरुषों के संबंधित प्रश्न पूछा गया। स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।*



### युवाओं की प्रेरणा नेताजी सुभाषचंद्र बोस

छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन द्वारा गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। स्टेशन रोड स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसकी शुरुआत प्रतिमा को माल्यार्पण कर की गई। जहां उपस्थित अतिथियों ने क्रांतिकारी वीर के जीवन से संबंधित जानकारी साझा करते हुए कहा, नेताजी का जीवन सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, संगठन के अध्यक्ष जसमीत सोनू शर्मा, सुनील बाजारी उपस्थित रहे।

### नेताजी के जीवन पर आधारित व्याख्यान



महाराष्ट्र मंडल द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य वक्ता अनिल कालेले ने कहा कि इस वर्ष नेताजी सुभाषचंद्र बोस का 129वां जयंती समारोह मनाया जा रहा है। वे अपने जीवनकाल में ब्रिटिश सरकार के विरोध में कई आंदोलनों में शामिल हुए। जिनका पहला आंदोलन 12 मार्च 1930 को सविनय अवज्ञा रहा है। कार्यक्रम के दौरान दीपक पात्रीकर ने बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 'आजाद हिंद फौज' नाम से रेडियो स्टेशन भी शुरू किया था। उन्होंने पूर्वी एशिया में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में पहले दिन छत्तीसगढ़ की टीम आगे



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. की ओर से रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे राउंड का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच (23-26 जनवरी) को जमशेदपुर में झारखंड टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 230 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज अनुज तिवारी ने शानदार पारी खेलते हुये नाबाद 99 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशुतोष सिंह ने 43 रन तथा संजित देसाई ने 35 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह ने 5 विकेट तथा आदित्य सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में 6 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 11 रन बना लिये है। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 219 रनों से आगे है।

### फुटबॉल में एनएफसी दंतेवाड़ा की शानदार जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ स्टेट मेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत गुरुवार को पंत स्टेडियम में दुर्ग हीरोज एवं एनएफसी दंतेवाड़ा के मध्य मैच खेला गया। जिसमें एनएफसी दंतेवाड़ा ने 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। एनएफसी दंतेवाड़ा की ओर से पहला गोल 32 वें मिनट में जर्सी नंबर 10 बी गौरव ने दूसरा और तीसरा गोल जर्सी नंबर 27 श्रीकांत गडबा ने 36 वें और 39 वें मिनट पर किया। चौथा गोल जर्सी नंबर 23 भालेश ने 63 वें मिनट में किया। जवाब में दुर्ग हीरोज़ की टीम कोई भी गोल नहीं कर पाई।

### रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की दो वेटलिफ्टर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेल के लिए चयनित



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वेटलिफ्टिंग महिला टीम के 2 खिलाड़ी का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता हिमाचल में 14 से 17 फरवरी तक आयोजित होगी। 45 किग्रा ग्रुप में संध्या साहू एवं +87 किग्रा ग्रुप में काजल साहू चयनित हुई है। इनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के संचालक डॉ रीता वेणु गोपाल, डॉ सी डी आगाशे और डॉ राजीव चौधरी ने शुभकामनाएं दी है। टीम के कोच तुलसी व प्रबंधक डॉ राजेश जंघेल है।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के वरिष्ठ संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर डॉ. पटनायक का किया अभिनंदन



**रायपुर।** डॉ. जी. एस. पटनायक को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का वरिष्ठ संयुक्त सचिव चुना गया है। यह निर्णय 7 जनवरी को चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया गया। इस बैठक में 2025 से 2029 तक के लिए महासंघ के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ।

डॉ. पटनायक इससे पहले 2021-2025 तक एएफआई में एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके नेतृत्व और योगदान ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. पटनायक की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने उनके बिलासपुर स्थित निवास पर मुलाकात की। उन्हें इस सम्मानजनक पद पर चुने जाने के लिए बधाई दिए और स्वागत किये।

डॉ. पटनायक ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे अपने इस नए दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, महासचिव अमरनाथ सिंह, मुख्य प्रशिक्षक पी जी कृष्णनन, देवेंद्र राठोर कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, सुनील कुमार पटेल, सुभाष कुमार, के श्रीनु कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, दीपक साहू एवं विक्रम साहू आदि उपस्थित रहे।

### इस मौसम में बढ़ जाता है हाई बीपी और स्ट्रोक का खतरा, रहें सावधान

# हाई बीपी की समस्या वालों को सर्दियों में अपना ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत

सर्दियों में हाई बीपी और स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। खून की नलियों का रास्ता संकरा होने पर ब्लड क्लॉट और स्ट्रोक होने का खतरा रहता है। स्ट्रोक को समय पर पहचानना और इलाज जरूरी है। अलग-अलग मौसम में अलग-अलग बीमारियों की संभावना बनी रहती है। यह उम्र के हिसाब से कम या ज्यादा हो सकती है। सर्दियों में कफ, कोल्ड, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतों के अलावा हाई बीपी की समस्या भी ज्यादा बढ़ जाती है। बीपी बढ़ने पर स्ट्रोक का खतरा भी बना रहता है। सर्दियों में बीपी पेशेंट्स को अपना खास ख्याल रखना चाहिए। स्ट्रोक क्यों होता है और सर्दियों में स्ट्रोक का खतरा क्यों बढ़ जाता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डॉक्टर विनीत बंगा, एसोसिएट डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दे रहे हैं।



### सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है हाई बीपी और स्ट्रोक का खतरा?

जिन लोगों को हाई बीपी की समस्या है, उन्हें सर्दियों में अपना ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे लोगों को सर्दियो में स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहता है। ठंड की वजह से हमारी खून की वाहिकाएं संकरी होने लगती हैं। ऐसा शरीर में गर्मी बनाए रखने के नेचुरल प्रोसेस की वजह से होता है। जिन लोगों को हाई बीपी है, रक्त वाहिकाओं के संकरी होने के कारण उनका बीपी और बढ़ सकता है। जिससे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी असर होता है। ठंडा मौसम और बढ़ा हुआ बीपी, स्ट्रोक का कारण बनता है। इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होती है।

### लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों का भी होता है असर


सर्दियों में बीपी और स्ट्रोक के पीछे लाइफस्टाइल से जुड़े बदलाव भी होते हैं। ठंडे मौसम में फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है और लोगों की डाइट भी अक्सर बढ़ जाती है। इस मौसम में लोग ज्यादातर हाई सोडियम फूड लेते हैं, जिससे वेट गेन और हाई बीपी की समस्या देखने को मिलती है। इसलिए, सर्दियों में हेल्दी लाइफस्टाइल को मेंटेन करना जरूरी है।

### सर्दियों में बीपी पेशेंट्स को रखना चाहिए इन बातों का ख्याल



अगर आपको हाई बीपी है, तो सर्दियों में इसे रेगुलर मॉनिटर करें। बीपी में उतार-चढ़ाव होने पर उसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर की सलाह लें। सही खान-पान और समय पर दवाईयां लेना, सर्दियों में स्ट्रोक के खतरे को कम कर सकता है।







# संकेत बताते हैं कि अब आपको सोशल मीडिया ब्रेक की है जरूरत

सोशल मीडिया आज के समय में हर किसी की जिन्दगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे संकेत होते हैं, जो ये बताते हैं कि आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक की जरूरत है। इंटरनेट के इस युग में हम सभी के लिए सोशल मीडिया एक जरूरत बनता जा रहा है। सुबह उठकर हम सभी सबसे पहले अपने फोन को चेक करते हैं और सोशल मीडिया पर जाकर स्क्रॉल करना शुरू कर देते हैं। दूसरों की पोस्ट को लाइक करने से लेकर कमेंट लिखने व पढ़ने का यह सिलसिला हर किसी की जिन्दगी का एक हिस्सा बन चुका है। अधिकतर लोग अपनी लाइफ को सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करते हैं।

हालांकि, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन कभी-कभी दूसरों से कनेक्ट करने वाला यह प्लेटफार्म आपकी लत बन जाता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर दूसरों के रिएक्शन आपकी मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर डालते हैं।

ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि अब आपको एक सोशल मीडिया ब्रेक ले लेना चाहिए-



### बहुत अधिक तनाव होना

अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से आप खुद को बहुत अधिक तनाव में महसूस करते हैं या फिर आपको एक भारीपन का अहसास होता है तो ऐसे में आपको सोशल मीडिया से ब्रेक ले लेना चाहिए। दरअसल, सोशल मीडिया पर मौजूद नेगेटिव खबरों व ऑनलाइन विवादों के लगातार संपर्क में रहने से आप भी नेगेटिव फील कर सकते हैं।

### असंतुष्ट महसूस करना

जहां सोशल मीडिया दूसरों से कनेक्ट करने का एक अच्छा तरीका है। वहीं, इन प्लेटफॉर्म पर लोग खुद की तुलना दूसरों से जरूर करते हैं। जिसके कारण उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है। यह भी संभव है कि आप दूसरों के जीवन या लाइफस्टाइल को देखकर खुद में असंतुष्टि का अहसास करने लगें। अगर आपके मन में ऐसी फीलिंग्स बढ़ने लगी हैं तो बेहतर होगा कि आप एक कदम पीछे लें और कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं।

### नींद पर असर पड़ना

सेहतमंद रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो सोशल मीडिया का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। खासतौर से, बेडटाइम पर स्क्रॉल करने की उनकी आदत होती है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इसका अर्थ है कि आप अपने स्लीप पैटर्न के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे आपको कई तरह के हेल्थ इश्यूज का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि इस आदत को तोड़ने के लिए आप कुछ वक्त के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना लें।



# बगैर ब्रेड के भी बना सकती हैं सैंडविच

घर में जब बच्चे बार-बार सैंडविच के लिए जिद्द करें, तो आप ये हेल्दी सैंडविच बनाकर उन्हें देख सकती हैं। आइए आप भी ये सैंडविच रेसिपीज बनाने का तरीका जान लीजिए।

### सूजी से बनाएं सैंडविच

जी हां, आप सूजी की मदद से भी सैंडविच बना सकती हैं। यह सैंडविच 10 मिनट में बनकर तैयार होगा और सब्जियों और चीज़ से भरा सैंडविच पौष्टिक और स्वादिष्ट भी होगा। आपके बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

### सूजी के सैंडविच बनाने का तरीका

एक बड़े कटोरे में सूजी और दी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसमें बारीक कटे हुए प्याज सहित अन्य सारी



सामग्री डालें। चीज़ को अलग रख लीजिएगा। बैटर को पतला नहीं कीजिएगा। इसे गाढ़ी कंसिस्टेंसी का होना चाहिए। बैटर को 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। सैंडविच को स्विच में लगाकर गर्म कर लें और उसे घी या बटर से ग्रीस कर लें। बैटर को एक फिर से मिलाएं और सैंडविच मेकर में फैला लें। अब एक-एक चीज़ की स्लाइस रखकर ऊपर एक और लेयर लगाएं। सैंडविच मेकर को ढक दें और सैंडविच बनने दें। आपका बिना ब्रेड वाला सैंडविच तैयार है। इसे चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

### रोटी से बनाएं सैंडविच

अगर रोटी बच गई है, तो आप उससे सैंडविच बना सकते हैं। कभी बच्चों का टिफिन बनाने में देर हो रही हो, तो रोटी में खूब सारी सब्जियां डालकर एक स्वादिष्ट लंच बॉक्स रेसिपी बन सकती हैं। आइए जानते हैं, इसे बनाने का तरीका-

### रोटी सैंडविच बनाने का तरीका

एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें और फिर प्याज डालकर उसे 1 मिनट सॉते करें। उसमें फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट और मिर्च डालकर भून लें। प्याज जब ट्रांसलूसेंट हो जाए, तो उसमें गाजर, पत्तागोभी, शिमला मिर्च और चम्मच स्वीट कॉर्न डालकर, सब्जियों को अधिक पकाए बिना एक मिनट तक भूनें। सब्जियों में पाव भाजी मसाला, नमक, हल्दी और मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें। इसमें पनीर, टमाटर सॉस और चिली सॉस डालकर मिक्स करें।

# पुराने बर्तनों का दान करना कितना सही, जानिए ज्योतिष की राय



विभिन्न मान्यताओं में पुराने बर्तनों का एक विशेष महत्व है। ये सिर्फ रसोई के बर्तन नहीं होते, बल्कि इनका गहरा संबंध हमारे धार्मिक और ज्योतिष दृष्टि से है। पुराने बर्तन अक्सर पीढ़ियों से चले आते हैं। इनमें पूर्वजों की स्मृतियां संजोई होती हैं। आइए ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर के पुराने बर्तनों का दान करना शुभ माना जाता है। यह कार्य न केवल आपके घर को ऊर्जा से मुक्त करता है, बल्कि यह आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकता है। पुराने बर्तन अक्सर नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और घर में अशांति का कारण बन सकते हैं। जब आप इन बर्तनों को दान करते हैं, तो यह न केवल आपके घर की सफाई करता है, बल्कि यह दानी के रूप में पुण्य कमाने का भी एक अच्छा साधन बनता है। इसके अलावा, पुराने बर्तनों का दान करने से घर के सदस्य मानसिक शांति और समृद्धि का अनुभव करते हैं, जिससे जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। ज्योतिष के अनुसार, दान करने का समय और तिथि भी महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए इसे विशेष मुहूर्त या शुभ दिन पर करना अधिक प्रभावी माना जाता है।

### किस दिन करना चाहिए पुराने बर्तन का दान?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पुराने बर्तनों का दान शुभ दिनों में करना चाहिए, जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो। विशेष रूप से शनिवार, मंगलवार और गुरुवार को दान करना उत्तम माना जाता है। शनिवार को विशेष रूप से बर्तन दान करने से शनि दोष दूर होता है और घर में समृद्धि आती है। मंगलवार को मंगल दोष के निवारण के लिए बर्तन दान करना लाभकारी है। गुरुवार को बर्तन दान करने से बृहस्पति ग्रह की कृपा मिलती है और जीवन में खुशहाली आती है। इन दिनों दान करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में शांति बनी रहती है।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
Hettich HÄFELE blum DURO SPACE YOUR SPACE OUR TOUCH
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE
MODULAR WARDROBE
CALL NOW 0771-4903490
SHOPPERS PARADISE, 21, NEAR CITY CENTER MALL, PANDRI, RAIPUR, CHHATTISGARH 492009
SHOP NO. 1 AND SHOP NO. 2 LAKE VIEW APARTMENT, BANDHA TALAB, GANJPARA, DURG, CHHATTISGARH 491001

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'कैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड' को चीन में भी रिलीज करने की तैयारी



कैप्टन अमेरिका की पिछली किस्तों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कथित तौर पर द विंटर सोल्जर ने 115.6 मिलियन डॉलर यानी 9930 करोड़ रुपय की कमाई की और सिविल वॉर ने 180.8 मिलियन डॉलर यानी 15520 करोड़ रुपए की कमाई की। ब्रेव न्यू वर्ल्ड, जिसे कैप्टन अमेरिका 4 कहा जा रहा है। इससे प्रशंसकों को बेहद उम्मीदें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साल 2011 में आई पहली कैप्टन अमेरिका को उस समय चीन और अमेरिका के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों की वजह से चीन में दिखाने की कानूनी रूप से अनुमति नहीं दी गई थी। लेकिन ब्रेव न्यू वर्ल्ड को अब चीन में दिखाने की स्वीकृति दे दी गई है। आधिकारिक तौर पर इसे 14 फरवरी को वेलेंटाइन के दिन रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही अमेरिका में भी इसकी पहली रिलीज होगी। कैप्टन अमेरिका 4 की रिलीज से पहले इसका प्रचार जारी है। वहीं, चीन के दर्शकों के लिए एक नया खास पोस्टर जारी किया है। फिल्म की प्री-सेल अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है, जब चीनी स्प्रिंग फेस्टिवल समाप्त हो जाएगा।

जूलियस ओना द्वारा निर्देशित और सैम विल्सन-कैप्टन अमेरिका के रूप में एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत, ब्रेव न्यू वर्ल्ड क्रिस इवांस के स्टीव रोजर्स से मिले पद के बाद विल्सन की सफर की कहानी को आगे बढ़ाती है। फिल्म में डैनी रामिरेज, शिरा हास, कार्ल लुंबली, जोशा रोक्मोर, जियानकार्लो एस्पोसिटो, टिम ब्लेक नेल्सन और हैरिसन फोर्ड भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## भोजपुरी

### महाकुंभ वाली मोनालिसा पर बन गए कई धमाकेदार गाने



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े मेले महाकुंभ में देश-दुनिया की भीड़ जुटी हुई है। यहां पर एक लड़की खूब चर्चा बटोर रही है। अपनी खूबसूरत आंखों की बदौलत। मध्य प्रदेश के महेश्वर में रहने वाली इस लड़की का नाम मोनालिसा है और ये महाकुंभ में माला बेचने आई है। खूबसूरती के कारण रातोंरात वायरल हुई इस लड़की का क्रेज इस कदर है कि भोजपुरी में अब तक कई धमाकेदार गाने बन चुके हैं। एक भोजपुरी गाना बना है, जिसका नाम 'महाकुंभ में वायरल भईली मोनालिसा।' इस गाने के सिंगर अहमद राज हैं और गाने के बोल प्रकाश परवाना ने लिखे हैं। संगीत मंटू मनीष का है। इस गाने में मोनालिसा की महाकुंभ से कई झलकियां हैं। ऐसा ही एक और भोजपुरी गाना बना है मोनालिसा पर, जिसे राजन रंगीला ने गाया है। गाने के बोल हैं- कुंभ के मेला में हिलवले बाडू। इस गाने के बोल मन्नू बादशाह ने लिखे हैं और म्यूजिक रवि प्रकाश का है। गाने को यूट्यूब पर अब तक 20 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। माला लेलऽ भईया हो... सिंगर आदर्श लाल यादव ने मोनालिसा के माला बेचने पर ही एक भोजपुरी गाना बना दिया। इसके लिरिक्स भी आदर्श लाल यादव ने लिखे हैं। म्यूजिक जयदेश माही का है। मोनालिसा की खूबसूरत आंखों पर भी एक भोजपुरी गाना बना है- नीली नीली अंखिया। इस गाने को संदीप मिश्रा और प्रतिभा राज ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल कृष्णा कैचा ने लिखे हैं और म्यूजिक आर्या शर्मा का है। इस वीडियो में मोनालिसा के कई सारे क्लिप हैं, जिनमें उनकी खूबसूरती साफ झलक रही है। भईल वायरल बेच के माला... मोनालिसा पर एक और भोजपुरी गाना माला बेचने पर बनाया गया है। इसे अर्जुन राजा ने गाया है।

## छॉलीवुड

### 'मोह अऊ माया' का पोस्टर रिलीज सिनेमाघरों में शीघ्र होगी प्रदर्शित



अऊ माया' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जिसके डायरेक्टर और लेखक हेमंत तिवारी (राहुल) को उम्मीद है कि इस फिल्म में हॉरर ,कॉमेडी, लव स्टोरी और सस्पेंस को दर्शक जरूर पसंद करेंगे। फिल्म के कलाकार एवरग्रीन विशाल, काजल पांडे, अमन सागर, पुरन किरी, विनायक अग्रवाल, गायत्री निषाद, अंशुल अवस्थी, सनीत स्वामी, लंकेश यादव, शुभम टंडन, प्रवीण पांडे, अमन तिवारी, रतीभान चौहान, सरोज यादव और भोला पांडे शामिल हैं। फिल्म में कैमरा जितेंद्र भारद्वाज, एडिटिंग और वीएफएक्स रतिभान सिंह चौहान और इसके बीजीएम आशीष रॉबिंसन और सॉन्ग म्यूजिक एम डी कैफ इस फिल्म में जाने माने सिंगर सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, कंचन जोशी, मोनिका वर्मा जी ने स्वर दिया है और गाना के रचनाकार पुरुषोत्तम चौहान और आशीष ने किया है गाने के कोरियोग्राफर राजा सेंद्रे, और कॉन्सेप्ट विवेक दीक्षित और प्रीति दीक्षित के द्वारा किया गया है। फिल्म की स्क्रिप्ट और असिस्टेंट डायरेक्शन का काम प्रवीण पांडे, सनीत स्वामी अनन्या रावत, अमन तिवारी के द्वारा किया गया है और इस फिल्म में मेकअप तनुश्री पांडे और रीना हिरवानी के द्वारा किया गया है प्रोडक्शन का काम योगेश तिवारी, रवि देवांगन , चुम्मन ठाकुर, सनीत स्वामी, भोला पांडे ने किया है। तिवारी ने बताया कि यह फिल्म गरियाबंद जिले की खूबसूरत वादियों में शूट की गई है और जल्द ही सभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

पारंपरिक ट्रेंड



लाइफ स्टाइल

वैश्विक फैशन के प्रभाव में भारतीय पारंपरिक पहनावे में धीमा लेकिन परिवर्तनकारी बदलाव देखने को मिल रहा हैं। साथ ही, भारतीय कपड़ों को उनके जीवंत रंग, शिल्प कौशल और आराम के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। हाल ही में हुए मेट गाला खूबसूरत मॉडल ने अपने भारतीय परिधानों को दिखाया और अपने कपड़ों और लुक के लिए सराहना पाई।

# गुलाब जल में कुछ भी मिक्स करने से पहले सोचें



गुलाब जल को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन इसे अलग-अलग इंग्रीडिएंट्स के साथ मिक्स करके स्किन पर अप्लाई किया जाता है। लेकिन ऐसे कई इंग्रीडिएंट्स होते हैं, जिन्हें गुलाब जल के साथ मिक्स करने से बचना चाहिए। गुलाब जल को कभी फेस ऑयल के साथ मिक्स करके अप्लाई नहीं करना चाहिए। दरअसल, गुलाब जल वाटर बेस्ड होता है और इसलिए यह काफी हद तक संभव है कि यह ऑयल के साथ अच्छी तरह मिक्स ना हो। अगर आपकी स्किन रूखी है तो ऐसे में आप फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

लेकिन इसे गुलाब जल के साथ मिक्स ना करें। बेहतर होगा कि आप पहले अपनी स्किन पर गुलाब जल अप्लाई करें और उसके कुछ देर बाद ही फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। नींबू के साथ गुलाब जल मिक्स करके अप्लाई करना भी उतना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, नींबू विटामिन सी रिच होता है। वहीं, गुलाब जल भी हल्का अम्लीय होता है। ऐसे में जब विटामिन सी रिच नींबू और गुलाब जल को एक साथ मिक्स किया जाता है तो इससे आपकी स्किन में जलन या सेंसेटिविटी की परेशानी हो सकती है।

हालांकि, अक्सर लोग इन्हें मिक्स करके लगाते हैं, लेकिन फिर भी आपको एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। कुछ लोग गुलाब जल को बतौर टोनर इस्तेमाल करना भी पसंद करते हैं या फिर इसे अपने टोनर में मिक्स करना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अल्कोहल बेस्ड टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो उसके साथ गुलाब जल को मिक्स ना करें। इससे आपको अपनी स्किन में बहुत अधिक रुखापन, जलन या इरिटेशन की शिकायत हो सकती है।

# देखने में बेहतरीन और पहनने में स्टाइलिश लुक देते हैं आलिया कट डिजाइन वाले ये सलवार-सूट



फैशन



कहीं जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, हम सभी सूट के कई तरीके के डिजाइंस को अपनी वार्डरोब में शामिल करते हैं। इसके लिए हम कई सेलेब्रिटी के स्टाइलिश लुक्स को भी री-क्रिएट करते हैं। लेटेस्ट फैशन की बात करें तो आलिया कट डिजाइन के सूट काफी पसंद किए जाते हैं।

वेडिंग सीजन से लेकर रोजाना तक के लिए इन स्टाइलिश सूट को आप पहन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं आलिया कट सलवार-सूट के खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### नायरा स्टाइल आलिया कट सूट

आलिया कट स्टाइल को कलीदार लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से दोनों तरफ साइड स्लिट कट वाले नायरा कट डिजाइन का सूट बनवा सकती हैं। सूट को आलिया कट देने के लिए आप पाइपिंग वाली लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाहे तो साइड में डोरियां भी लगवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप प्लेन डिजाइन के दुपट्टे को पहनें।

### सिल्क डिजाइन आलिया कट सूट

शाइनी और फैंसी लुक वाला सूट बनवाना चाहती हैं तो इस तरीके से आप सिल्क फैब्रिक की मदद लेकर कुर्ती स्टाइल में आलिया कट में सलवार सूट बनवा सकती हैं। इसके साथ आप प्लाजो पैन्ट्स को पहनें और इन पैन्ट्स के बॉर्डर के लिए आप बटन या कोई कट वर्क वाला डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरीके के सूट के साथ आप दुपट्टे को स्किप कर सकती हैं।

# दिखना है मॉडर्न और जवां तो ट्राई करें डिजाइनर सीक्वेन साड़ी के ये खास लुक्स



साड़ी का चलन आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। इसमें आजकल आपको कई डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन आजकल की बात करें तो साड़ी में ग्लैमरस लुक पाने के लिए सीक्वेन वर्क के डिजाइन वाली साड़ी बेस्ट रहती है। खासकर रात के फंक्शन के लिए इस तरह की साड़ी बेस्ट रहती है। सीक्वेन साड़ी में आपको बारीक और मोटी सिप्पियों में कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सीक्वेन साड़ी के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स-

### ऑम्ब्रे साड़ी डिजाइन

सिंपल से अलग कुछ नया सीक्वेन वर्क में ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरीके के दो कलर कॉम्बिनेशन वाली ऑम्ब्रे साड़ी वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरीके के लुक को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है।

### गोल्डन साड़ी लुक

यह साड़ी मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है, लेकिन इस तरीके का लुक आपको मार्केट में लगभग 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। बता दें कि गोल्डन कलर एवरग्रीन पसंद किया जाता है। वहीं इसमें आपको लाइट शैम्पेन गोल्ड से लेकर डार्क कॉपर गोल्डन कलर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### ब्लैक साड़ी लुक


परफेक्ट ग्लैमरस और क्लासी लुक पाने के लिए ब्लैक कलर अपनेआप में ही काफी हॉट लुक देने में सहायता करता है। इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। वहीं आप चाहे तो ब्लाउज के लिए साटन के फैब्रिक को चुन सकती हैं।

# पुरानी सिल्क साड़ी को नया लुक देने के काम आएंगे ब्लाउज के खास डिजाइंस

साड़ी पहनना सभी महिलाओं को पसंद होता है और इसके ए दिन नए से नए डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन आपको मिल जाएंगे। वहीं सिल्क साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन में रहता है। साड़ी के साथ तरह-तरह के डिजाइन मिल जाएंगे, लेकिन अलमारी में बंद पड़ी साड़ी को न्यू लुक देने के लिए आपको स्टाइलिंग में कुछ बदलाव कर सकती हैं। स्टाइलिंग की बात करें तो सिल्क साड़ी के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए ब्लाउज के लिए कोई नया डिजाइन चुन सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सिल्क साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज के कुछ स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल और फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज के साथ में आप आसानी से बनारसी सिल्क जैसी अन्य सिल्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज आप ब्लैक या गोल्डन कलर में खरीद सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कलर लगभग सभी तरह की सिल्क साड़ी के साथ आसानी से मैच कर जाते हैं।



### हॉल्टर नेक ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और बैकलेस डिजाइन के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के डिजाइन आपके लुक को स्टेटमेंट देने का काम कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो हॉल्टर नेक के स्ट्रैप के लिए चौड़े डिजाइन को चुन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, बनीं नौजवानों की पसंद

# कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं आप एथलेजर वियर से, जानिए कैरी करने के आसान टिप्स

*एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं। इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा। इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह हैं- ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं।*



### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं। ये तीन प्वाइंट निम्नलिखित हैं- मटेरियल, फिट, फंक्शनैलिटी,कपड़ा आराम वाला एथलेजर वियर की खासियत इसका कपड़ा होता है, जो आरामदायक होने के साथ स्किन के लिए भी अच्छा होता है। इनमें अक्सर पॉलिएस्टर, नायलॉन, रेयॉन और स्पैंडेक्स जैसे फैब्रिक इस्तेमाल होते हैं। इस फैब्रिक की खासियत इनका रिंकल फ्री, मॉइश्चर को सोखने वाला और फ्लेक्सिबल होना होता है।

### फिटिंग होगी कमाल

एथलेजर वियर पहनने के बाद फिटिंग की चिंता बिल्कुल न करें क्योंकि ये दूसरे जिम वियर के मुकाबले ज्यादा फिटिंग वाले होते हैं। कैजुएल वियरिंग के समय भी इनका लुक अच्छा आता है।

### सबसे अच्छी फंक्शनैलिटी



इन कपड़ों की खासियत फंक्शनैलिटी भी होती है। फंक्शनैलिटी से मतलब कपड़ों में मिलने वाली उस सुविधा से है, जिसके साथ आप इन कपड़ों को कहीं ज्यादा उपयोगी महसूस करते हैं। जैसे एथलेजर वियर में बटन नहीं मिलेंगे बल्कि जिपर्स होंगे। इसके साथ इसमें इतनी पॉकेट मिलेंगी कि आप कहीं भी जाने से पहले इन्हें ही चुनेंगे।